दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 108 | ग्वालियर रविवार, 29 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए

एक नजर

मुगल गार्डन का नाम बदलने को लेकर मुस्लिम मौलवी का बयान, मोदी को महात्मा गांधी बना दिया जाएगा

केंद्र की मोदी सरकार ने राष्ट्रपति भवन में स्थित मुगल गार्डन का नाम बदल दिया है. आजादी के अमृत महोत्सव के मद्देनजर सरकार ने मुगल गार्डन का नाम बदलकर अमृत उद्यान कर दिया है. अब नाम बदले जाने को लेकर प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. मुस्लिम मौलवी साजिद राशिद ने मुगल गार्डन का नाम बदलना हिंदुओं को खुश करने वाला फैसला करार दिया.

मोदी को महात्मा गांधी बना दिया जाएगा–साजिद राशिद ने कहा, ÷हिंदुओं को खुश करने के लिए मुगल गार्डन का नाम बदल दिया. मेरा मानना है कि अगर इस सरकार को नाम ही बदलना था तो ये झूठे वादे न करते, अगर ऐसा ही चलता रहा तो मोदी को महात्मा गांधी बना दिया जाएगा, कोई एक समूह मोदी को ही राष्ट्रपति मानने लगेंगे. ये नाम बदलने से अंदर का ही युद्ध शुरू हो जाएगा.÷

और फिर ये हिन्दू राष्ट्र बना लेंगे– साजिद राशिद उन्होंने आगे कहा, ÷योगी जी को देखिए वो एक कार्यक्रम में हिन्दू धर्म सनातन धर्म को राष्ट्र धर्म बोल देते हैं. ये कहना कि सनातन धर्म ही सबसे ब?ा धर्म है, ऐसा कह कर उन्होंने बहुत लोगों और वर्गों की तौहीन की है, क्योंकि सब तो सनातन धर्म नहीं मानते. कुछ समय पहले मोहन भागवत ने भी कहा था कि हम 1000 सालों से धर्म युद्ध में हैं. ये बयान इसलिए दिए जा रहे है क्योंकि ये चाहते हैं कि कोई एक मुसलमान उठ कर कहे कि हमें अलग कर दो और फिर ये हिन्दू राष्ट्र बना लें. ऐसा कह कर ये लोग ओवैसी जैसे लोगों को बना रहे ह गौरतलब है कि इससे पहले दिल्ली में स्थित कई मुगल शासकों के नाम पर बनी सड़कों का भी नाम बदला गया है. इसी कड़ी में औरंगजेब रोड का नाम बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड किया गया था. राष्ट्रपति भवन की ओर से एक बयान में बताया गया है कि इस साल 31 जनवरी से 26 मार्च तक जनता के लिए अमृत उद्यान (मुगल गार्डन) खुला रहेगा. इसके बाद 28 मार्च को सिर्फ किसानों के लिए और 29 मार्च को दिव्यांगों के लिए ये गार्डन खोला जाएगा. इसके बाद 30 मार्च को पुलिस, सुरक्षा बल और सेना के परिवारों को गार्डन में एंट्री मिलेगी.

गोवा में खुले में शराब पी या खाना बनाया तो लगेगा 50 हजार का जुर्माना, बिना परमिशन टूरिस्ट की फोटो लेने पर भी पाबंदी, जान लीजिए सभी नए नियम

गोवा में टूरिस्ट्स की प्राइवेसी और सेफ्टी को ध्यान में रखकर सरकार ने नई एडवाइजरी जारी की है. लोगों के लिए कई ऐसे नियम बनाए गए हैं, जिनका उल्लंघन करने पर हजारों रुपये का जुर्माना भरना पड़ सकता है. जैसे- खुले में शराब पीने या खाना बनाने पर 50 हजार रुपये तक देने पड़ सकते हैं. समुद्रतट पर शराब पीने वालों पर भी सख्त कार्रवाई होगी.

बिना परमिशन टूरिस्ट की फोटो लेने पर पाबंदी–गोवा सरकार की नई एडवाइजरी में कहा गया है कि टूरिस्ट के साथ या उनकी अकेली फोटो खींचने से पहले उनसे परमिशन जरूर ले लें, खासकर जब वे धूप में लेटे हों या फिर समुद्र में मस्ती कर रहे हों. सरकार का कहना है कि इससे पर्यटकों की प्राइवेसी का सम्मान हो सकेगा. इसके अलावा एडवाइजरी में टूरिस्ट्स से ओवरचार्जिंग से बचने के लिए टैक्सी का मीटर देखकर किराया देने को भी कहा गया है.

टूरिस्ट्स ओपन प्लेस में न बनाएं खाना–गोवा सरकार की एडवाइजरी में टूरिस्ट्स को चट्टानों और खतरनाक जगह पर सेल्फी न लेने को कहा गया है, ताकि हादसे रोके जा सकें. इसके अलावा गोवा सरकार ने टूरिस्ट से गोवा की ऐतिहासिक इमारतों को नुकसान न पहुंचाने की अपील भी की है. एडवाइजरी के मुताबिक, गोवा आने वाले टूरिस्ट्स से टूरिस्ट डिपार्टमेंट के रजिस्टर्ड होटल में रुकने की सलाह भी दी गई है, ऐसा इसलिए किया गया है ताकि किसी विवाद से बचा जा सके. अनरजिस्टर्ड होटल में रुकना कई टूरिस्ट्स के लिए महंगा पड़ जाता है.

26 जनवरी को जारी की गई एडवाइजरी–गोवा टूरिस्ट डिपार्टमेंट ने टूरिस्ट्स के लिए नई एडवाइजरी 26 जनवरी को जारी की, जिसकी गाइडलाइन का पालन टूरिस्ट्स को करना पड़ेगा. सरकार का कहना है कि इसका मकसद टूरिस्ट्स की प्राइवेसी बनाए रखने, उनकी सेफ्टी और उनको ठगी से बचाना है.

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में ह्ष्टष्ट कैडेट्स की धार्मिक नारेबाजी पर एक्शन, पुलिस ने छात्र पर दर्ज किया मुकदमा

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले में स्थित अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी एक बार फिर से सुर्खियों में है. गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान एनसीसी की वर्दी पहने कुछ छात्रों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में छात्र अल्लाहू अकबर के नारे लगाते हुए दिख रहे हैं. अब इस पर एक्शन शुरू हो चुका है. वीडियो में धार्मिक नारेबाजी लगाते दिख रहे एनसीसी कैडेट्स को लेकर अब पुलिस ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के छात्र के खिलाफ मामला दर्ज किया है.रूप्रशासन ने भी आरोपी छात्र के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे सस्पेंड कर दिया है. इसके अलावा पूरे मामले की जांच पड़ताल के लिए 3 सदस्यीय टीम का गठन किया है.

आतंकवादी, देश के दुश्मन, ढोंगी और पाखंडी., बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को लेकर जानें क्या कुछ बोले स्वामी प्रसाद मौर्य

समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एबीपी न्यूज के साथ इंटरव्यू के दौरान बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को लेकर निशाना साधा है. मौर्य से जब शास्त्री से जुड़ा सवाल किया गया तो उन्होंने यहां तक कहा कि ऐसे लोग देश के दुश्मन हैं. सपा नेता मौर्य से पूछा गया कि बागेश्वर धाम के बाबा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के देश को हिंदू राष्ट्र बनाने के आह्वान पर उनका क्या कहना है, इस पर मौर्य ने कहा, ऐसे लोग देश के दुश्मन हैं, जो संविधान विरोधी बयान करते हैं वो आतंकवादी हैं, देश के दुश्मन हैं, ढोंगी और पाखंडी हैं, वो देश के न राष्ट्रपति हैं न प्रधानमंत्री हैं, इसलिए उनके बयान का कोई मायने नहीं होता है.

धीरेंद्र शास्त्री के हिंदू धर्म खतरे में है वाली बात पर मौर्य ने यह कहा–बता दें कि एबीपी न्यूज के विशेष कार्यक्रम प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मौर्य सवालों का जवाब दे रहे थे. उनसे जब पूछा गया कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने यह भी कहा है कि जो हिंदू धर्म है वो खतरे में हैं, उधर मौलाना लोग भी कह रहे हैं कि हमको डराने की कोशिश की जा रही है, इसको आप देख रहे हैं? ये क्या चुनाव से जुड़ता है या क्या है ये? क्यों हिंदू धर्म अब खतरे में दिखाई दे रहा है... एक हिंदूवादी पार्टी है देश में, प्रधानमंत्री हैं, राष्ट्रपति हैं, सब तो हैं.जवाब में स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, अगर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह जी, मुख्यमंत्री योगी

जी, तमाम प्रदेशों में मुख्यमंत्री भाजपा के, इनके रहते अगर हिंदू धर्म खतरे में है तो हम तो कहते हैं कि सरकार के माननीय प्रधानमंत्री जी और सारे मुख्यमंत्री अपने-अपने पद से छोड़कर के बाबा को अपना पूरा अधिकार दे दें. वही अगर धर्म के ठेकेदार हैं, वही सब ठीक करेंगे तो शंकराचार्य को अपनी कुर्सी छोड़ देनी चाहिए, सभी धर्माचार्यों को आत्मसमर्पण कर देना चाहिए, सभी जाकर के.. जो नए बाबा उदय हुए तथाकथित बाबा, उनकी शरण में चला जाना चाहिए, इसलिए बड़ी-बड़ी बातें करना छोड़कर के जमीन पे आएं और साथ ही साथ देश को अंधेरे में ले जाने की कोशिश न करें, संविधान विरोधी बात न करें.

नेपाल की नदी से निकली पवित्र शिलाओं से बनेगी अयोध्या में स्थापित होने वाली राम-सीता की मूर्ति, खासियत

अयोध्या में राम मंदिर बनकर तैयार हो रहा है, संभावना जताई गई है कि साल 2024 तक मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा. मंदिर में भगवान राम और माता सीता की प्रतिमा स्थापित करने के लिए नेपाल से शालिग्राम की दो शिलाएं लाई जा रही हैं. इन शिलाओं के बारे में दावा किया जा रहा है कि ये करीब 6 करोड़ साल पुरानी हैं. मगर, इनसे बनी मूर्ति मंदिर के गर्भगृह में स्थापित की जाएंगी या परिसर में इसकी अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है. नेपाल के पोखरा में बहने वाली काली गंडकी जिसको शालिग्रामी नदी के नाम से भी जाना जाता है, यहीं से दो शिलाएं लाई जा रही हैं. यहां पूजा होने के बाद शिलाओं को ट्रक पर लादकर सड़क मार्ग से अयोध्या लाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक एक शिला का वजन 26 टन और दूसरी शिला का 14 टन है.

2 फरवरी को अयोध्या आ सकती है शिला–शालिग्राम की दोनों



शिलाओं को 26 जनवरी को लादा गया था, जो 2 फरवरी तक अयोध्या आ सकती हैं. राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल ने कहा, ÷हमें अभी शिलाओं को अयोध्या लाने के लिए कहा गया है. शिलाओं के अयोध्या पहुंचने के बाद ट्रस्ट अपना काम करेगा. शालिग्रामी नदी से निकाली गई ये दोनों शिलाएं करीब 6 करोड़ साल पुरानी बताई जा रही हैं.÷

नदी से क्षमा मांगी गई–कामेश्वर चौपाल ने कहा कि नदी के किनारे से इन शिलाओं को निकालने से पहले धर्मिक अनुष्ठान किए गए. नदी से क्षमा मांगी गई, इसके लिए विशेष पूजा की गई. शिला का गलेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक किया गया है. बता दें कि नेपाल में बहने वाली शालिग्रामी नदी को भारत में प्रवेश करने के बाद नारायणी नदी कहा जाता है. वहीं भारत में सरकारी कागजों में इसे बूढ़ी गंडकी के नाम से जाना जाता है. शालिग्रामी नदी के काले पत्थर भगवान शालिग्राम के रूप में पूजे जाते हैं. माना जाता है कि शालिग्राम का पत्थर पूरी दुनिया में शालिग्रामी नदी में ही है

दिल्ली में कंझावला 2.0! कार ने मारी स्कूटी को टक्कर, बोनट पर फंसे शख्स को 350 मीटर तक घसीटा, मौके पर मौत

दिल्ली के केशवपुरम से कंझावला जैसा मामला सामने आया है. यहां पर एक टाटा जेस्ट गाड़ी ने एक स्कूटी को 27 जनवरी सुबह 3ः00 बजे टक्कर मार दी. हादसे के वक्त स्कूटी पर 2 लोग सवार थे, जिसमें एक शख्स की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. वहीं दूसरा अस्पताल में भर्ती है, जिसकी हालत गंभीर बताई जा रही है.एक्सीडेंट के बाद स्कूटी सवार एक शख्स जिसका नाम सचिन गिरी है वो सड़क पर गिर गया था. वहीं दूसरा युवक जिसका नाम कैलाश भटनागर है वो गाड़ी के बोनट और विंड शील्ड में फंस गया. स्कूटी भी गाड़ी के बम्पर में फंस गई. इसी वजह से कैलाश भटनागर की मौत हो गई और सचिन की हालात गंभीर बताई जा रही है.

कार से 350 मीटर घसीटा–जानकारी के मुताबिक, कार सवार आरोपी स्कूटी और शख्स को प्रेरणा चौक से कन्हैया नगर मैट्रो स्टेशन करीब 350 मीटर तक घसीटते रहे.

बीजेपी के खिलाफ कैसे जीत सकती है कांग्रेस, जयराम रमेश ने बताया फॉर्मूला, कहा- कांग्रेस ही...

साल 2024 में लोकसभा चुनाव है, लेकिन कई विपक्षी पार्टियों ने अभी से एकजुटता की कोशिश शुरू कर दी है. इसको लेकर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अखिलेश यादव सहित कई नेताओं से मिल चुके हैं. तेलंगाना के सीएम केसीआर भी कोशिश कर रहे हैं. इस सबके बीच सवाल हो रहा है कि कांग्रेस की क्या भूमिका होगी? इस पर जयराम रमेश ने शनिवार (28 जनवरी) को जवाब दिया है. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने शनिवार (28 जनवरी) को कहा, %%कांग्रेस को 2024 के आम चुनावों में बीजेपी का मुकाबला करने के लिए किसी भी विपक्षी गठबंधन का 'आधार' बनना होगा, क्योंकि कांग्रेस ही ऐसी एकमात्र राजनीतिक पार्टी है, जिसकी पूरे देश में मौजूदगी है.%% उन्होंने साथ ही कहा कि उनके विचार से कांग्रेस को 2029 के लोकसभा इलेक्शन में हर राज्य में अपने दम पर लड़ने की तैयारी करनी चाहिए. जयराम रमेश ने पीटीआई से बात करते हुए कहा कि वह निश्चित रूप से इस साल गुजरात के पोरबंदर से अरुणाचल प्रदेश के परशुराम कुंड तक एक और यात्रा निकालने पर जोर देंगे, लेकिन इस पर फैसला अंततः पार्टी को करना है. जयराम रमेश ने कहा, ''मैं निश्चित रूप से इसके बारे में सोचता रहा हूं. अब पार्टी इस तरह की यात्रा करेगी या नहीं, मैं नहीं कह सकता. हालांकि, जब 'भारत जोड़ो यात्रा' के बारे में उदयपुर में विचार किया गया था, तो पश्चिम से पूर्व की ओर यात्रा निकाले जाने पर भी सोचा गया था.''

देश और देश के सबसे बड़े सूबे में बीजेपी कर सकती 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन, इस सर्वे ने कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों की उड़ाई नींद

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियां चल रही हैं. अपनी पिछली राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक से बीजेपी लोकसभा चुनाव के लिए मिशन मोड में आ गई हैं, वहीं कांग्रेस समेत बाकी दल अभी इसके लिए रणनीतियां बना रहे हैं. कुछ विपक्षी दलों को अब भी आस है कि चुनाव के एन पहले तक थर्ड फ्रंट अस्तित्व में आ जाएगा.इस बीच जनता की नब्ज बताने वाले एक सर्वे ने राजनीतिक हल्कों में उथल-पुथल मचा दी है. %मूड ऑफ द नेशन% सर्वे के नतीजों में दावा किया गया है कि अगर आज चुनाव हुए तो देश में एक बार फिर से बीजेपी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बनेगी. यह सर्वे हाल में इंडिया टुडे के लिए सी-

वोटर ने किया, जिसके नतीजे न्यूज चैनल पर प्रसारित किए गए, जिसे लेकर कई नेताओं की प्रतिक्रियाएं भी सामने आ चुकी हैं.

आज हुए चुनाव तो किसकी बनेगी सरकार–सर्वे के मुताबिक, आज हुए चुनाव तो देश की 543 लोकसभा सीटों में से 298 पर एनडीए का कब्जा होगा, 153 सीटें कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन यूपीए के खाते में जाएंगी और अन्य क्षेत्रीय दलों के हिस्से 92 सीटें जाएंगी. सर्वे में यह भी दावा किया गया है कि देश के सबसे बड़े राज्य (लोकसभा सीटों के लिहाज से) में भी बीजेपी आज चुनाव होने पर सबसे ज्यादा सीटें हासिल करेगी

राहुल गांधी के साल 2024 में पीएम फेस होने के सवाल पर जयराम रमेश ने किया भागवत गीता का जिक

साल 2024 में लोकसभा चुनाव है, लेकिन चर्चा शुरू हो गई कि विपक्ष की ओर से पीएम पद का चेहरा कौन होगा? क्या कांग्रेस विपक्ष की अगुवाई करेगी? विपक्षी एकजुटता को लेकर बिहार के सीएम नीतीश कुमार और तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर भी आए दिन कोशिश करते हैं. इस सबके बीच चर्चा शुरू हो गई कि क्या राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा का चुनावी फायदा होगा. क्या वो 2024 में प्रधानमंत्री पद के चेहरा होंगे. इस पर कांग्रेस ने जवाब दिया है. कांग्रेस नेता जयराम रमेश से मीडिया ने सवाल किया कि इतनी बड़ी यात्रा आजाद

भारत में किसी ने नहीं की. जिन्होंने भी की उन्हें लाभ मिला. तो क्या मान लिया जाए कि राहुल गांधी का पीएम बनने के लिए यह कदम है? इस पर जयराम रमेश ने कहा, सभी तपस्वी श्रीमद्भगवद्गीता के अध्यााय 2 के उपदेश जो कि श्री कृष्ण भगवान ने अर्जुन को दिया था. यह उनके (राहुल गांधी) मन में रहता है. इसमें है कि अर्जुन तुम्हें काम करना है. इसका नतीजा नहीं देखना. हमारा काम भारत जोड़ो यात्रा निकालने का है. इसके बाद क्या होगा देखा जाएगा. कितनी सीटें आएंगी यह सब आप लोगों को देखना है.

भारत से संबंधों को और मजबूत करना चाहता है अमेरिका, नई दिल्ली की बढ़ती हैसियत है वजह

विदेश नीति के तहत कूटनीति यही कहती है कि जिस देश की हैसियत तेज़ी से बढ़ रही हो और भविष्य में भी जिसमें अपार संभावनाएं हों, उस देश के साथ संबंधों को लगातार मजबूत करना चाहिए. आज वैश्विक परिदृश्य में भारत की कुछ ऐसी ही हैसियत बन गई है. यहीं वजह है कि दुनिया की बड़ी से बड़ी ताकत भी भारत से अपने संबंधों को और बेहतर करना चाहती है. इस कड़ी में दुनिया का सुपरपॉवर कहा जाना वाला अमेरिका भी शामिल है.हाल फिलहाल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन की ओर से ऐसे कई बयान सामने आए हैं, जिनसे जाहिर है कि अमेरिका, भारत से रिश्तों की जड़ों को और गहरा करना चाहता है.

अमेरिका के लिए भारत की बढ़ती अहमियत–अमेरिकी प्रशासन की ओर से आए ताजा बयान में कहा गया है कि भारत, अमेरिकी हितों के नजरिए से बहुज ज्यादा अहमियत रखता है. अमेरिकी विदेश मंत्रालय के मुख्य उप प्रवक्ता वेदांत पटेल (ङ्कद्गस्रड्ढठ्ठह्ल क्कड्डह्लद्गद्य) ने कहा है कि भारत कई क्षेत्रों में अमेरिका के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार है. उनके मुताबिक व्यापार, सुरक्षा सहयोग और तकनीकी सहयोग वैसे क्षेत्र हैं, जिनके नजरिए से भारत की अहमियत अमेरिका के लिए और बढ़ जाती है.

संबंधों को मिलेगा नया आयाम–बाइडेन प्रशासन की ओर से ये बयान ऐसे वक्त में आया है, जब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अगले हफ्ते अमेरिका की महत्वपूर्ण यात्रा करने वाले हैं. अजित डोभाल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन के साथ 31 जनवरी को वॉशिंगटन डीसी में हाई लेवल डायलॉग के तहत द्बष्टश्वञ्ज (इनीशिएटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी) फ्रेमवर्क की पहली बातचीत में शामिल होंगे. भारत-अमेरिका के बीच ये एक नई पहल है. इस पहल पर दोनों देशों के बीच सहमति बीते साल जापान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की बातचीत के दौरान बनी थी. मई 2022 में टोक्यो में क्वाड लीडर्स समिट के इतर दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी. द्बष्टश्वञ्ज के जरिए एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, 5जी-6जी, बायोटेक, अंतरिक्ष और सेमीकंडक्टर्स जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों की सरकार, शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत संबंध स्थापित होगा. एडवांस टेक्नोलॉजी के मुद्दे पर सहयोग बढ़ेगा और हार्डवेयर कैपेबिलिटी में निवेश की संभावनाएं बेहतर होंगी. क्वांटम तकनीक पर चर्चा होंगी, जिससे आने वाले दिनों में

शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव सामने आ सकता है. सेमीकंडक्टर्स उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त रोडमैप बनाने को लेकर सहमति बनने की उम्मीद है. इस पहल के जरिए स्पेस टेक्नोलॉजी में भी दोनों देश एक-दूसरे के अनुभवों को साझा कर सहयोग को बढ़ाएंगे.

चीन से सीमा विवाद में भी साथ है अमेरिका–हाल-फिलहाल में कई बार अमेरिका ने साफ किया है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (रुस्ष्ट) पर वो चीन के किसी भी उकसावे वाली कार्रवाई के खिलाफ है. दिसंबर 2022 में अरुणाचल के तवांग सेक्टर में एलएसी पर चीनी सेना की यथास्थिति बदलने की कोशिशों को भी अमेरिका ने ग़लत करार दिया था. एलएसी पर चीनी सेना से वहां के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात की खबरें आने के बाद अब अमेरिकी विदेश मंत्रालय के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने एक बार फिर से कहा है कि अमेरिका सीमा पार या वास्तविक नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ, सैन्य या नागरिकों की ओर से क्षेत्रीय दावों को आगे बढ़ाने के किसी भी एकतरफा प्रयास का कड़ा विरोध करता है. अब तो अमेरिका खुलकर ये भी कहने से गुरेज नहीं कर रहा कि अगर चीन के तरफ से एकतरफा प्रयास किया जाता है तो भारत को उसका माकूल जवाब देना चाहिए.

भारत से क्यों मजबूत करना चाहता है संबंध–एक वक्त था जब शीत युद्ध के दौर में अमेरिका और भारत के संबंधों में शिथिलता के साथ ही तनातनी भी देखने को मिलती थी. लेकिन अब हालात वैसे नहीं रहे. इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह ये है कि वैश्विक मंच पर भारत की हैसियत लगातार बढ़ रही है. भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है और आने वाले कुछ सालों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी. मानव संसाधन के मामले में भारत जल्द ही चीन को भी पीछे छोड़ने वाला है. इस नजरिए से भारत के पास बड़ा घरेलू बाज़ार है, जिसका फायदा अमेरिका जैसा ताकतवर देश भी उठाना चाहता है. भारत के पास दक्ष मानव संसाधन की एक बड़ी ताकत है, जो किसी भी देश में जाकर वहां की अर्थव्यवस्था को विकास की गति दे सकते हैं और अमेरिका में तो दे ही रहे हैं. चीन के साथ अमेरिका का व्यापार समेत कई मुद्दों पर बीते कुछ सालों से टकराव बढ़ते ही गया है. हिंद-प्रशात क्षेत्र में चीन के वर्चस्व को साधने के नजरिए से भी भारत, अमेरिका के लिए बेहद अहमियत वाला देश बन जाता है. भारत अभी दुनिया के ताकतवर अंतरराष्ट्रीय मंचों जी20 और शंघाई सहयोग सगंठन (स्ष्टह्र) की भी अध्यक्षता कर रहा है. हर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत विकसित और अल्प विकसित देशों की बुलंद आवाज़ के तौर पर उभर रहा है. किसी भी अंतरराष्ट्रीय मंच से भारत की बातों को नज़रअंदाज करना अब संभव नहीं है. भारत की इस मजबूत स्थिति का फायदा अमेरिका भी अपने वैश्विक हितों को पूरा करने में उठाना चाहता है.

द्विपक्षीय सहयोग के बढ़ते आयाम–अमेरिका चाहता है कि व्यापार, रक्षा और तकनीक के क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग और बढ़े. भारत-अमेरिका की आर्थिक नीतियों में एक दूसरे को प्राथमिकता दी जा रही है. वहीं मज़बूत होते सैन्य संबंध एक-दूसरे पर विश्वास को और प्रगाढ़ करते दिखाई दे रहे हैं. संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत ने व्यापार, निवेश और कनेक्टिविटी के माध्यम से वैश्विक सुरक्षा, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में हमेशा रुचि साझा की है. हाल के दिनों में इनमें और तेज़ी आई है. 2022 में संबंधों को मिली नई ऊंचाई-भारत-अमेरिका संबंधों के लिहाज से 2022 का साल ऐतिहासिक रहा. दोनों देशों के राजनयिक संबंधों के 75 साल भी हो गए है. 2022 में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन दो बार मिले. पहली बार मई 2022 में टोक्यो में क्वाड देशों के शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं के बीच मुलाकात हुई. वहीं दूसरी बार नवंबर 2022 में इंडोनेशिया के बाली में हुए जी 20 शिखर सम्मेलन में दोनों नेता मिले. इसके अलावा वॉशिंगटन डीसी में टू प्लस टू मंत्रिस्तरीय बैठकें भी हुईं. पहली बार 2022 में किसी अमेरिकी नेवल शिप का मेंटेनेंस भारत में किया गया. इस साल कुछ पुराने बाजार पहुंच से जुड़े मुद्दों को भी सलझा लिया गया. निवेश प्रोत्साहन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए. संबंधित विज्ञान एजेंसियों के सहयोग से प्रौद्योगिकी और नवाचार हब की शुरुआत हुई. आर्थिक मोर्चे पर ये साल बेहद अच्छा रहा. दोनों ही देशों के बीच व्यापार और निवेश अपने उच्चचम स्तर पर पहुंच गया. उम्मीद है कि 2023 में भी दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्रों बीच संबंधों में और प्रगाढ़ता आएगी, जिससे पूरी दुनिया के लिए प्रौद्योगिकी और नवाचार का भविष्य तय होगा.

व्यापारिक लिहाज से साझेदारी महत्वपूर्ण–भारत और अमेरिका के बीच आर्थिक संबंध भी हर साल और मजबूत हुए हैं. अमेरिका भारत से एक विस्तारित व्यापार संबंध चाहता है जो पारस्परिक और निष्पक्ष हो. फिलहाल अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बना हुआ है.

देवभोग साहू संघ व्दारा मुंगझर मे राजिम जयंती समारोह का 29 जनवरी को होगा आयोजन

संवाददाता हेमचंद नागेश

देवभोग तहसील साहू संघ देवभोग द्वारा 29 जनवरी रविवार को मुंगझर दशहरा मैदान में राजिम जयंती समारोह आयोजित होगा.तहसील साहू संघ के अध्यक्ष अनिल साहू ने बताया कि साहू समाज अपने आराध्य भक्तिन माता राजिम की जयंती पर सामाजिक सम्मेलन का आयोजन मुँगझर में किया जा रहा है.जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद चुन्नीलाल साहू,अति विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद चंदूलाल साहू,क्षेत्रीय विधायक डमरुधर पुजारी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष टहलसिंह साहू करेंगे।

देवभोग- गणतंत्र दिवस पर स्वास्थ्य विभाग ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले

अधिकारी,कर्मचारियों का किया सम्मान

संवाददाता हेमचंद नागेश

देवभोग बीएमओ बोले विषम परिस्थितियों में भी डंटकर मुकाबला किया हमारे परिवार ने।74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग बीएमओ डॉ. सुनील कुमार रेड्डी के नेत्तृत्व में गणतंत्र दिवस को यादगार बनाने मातहतों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम प्रातःकाल संपन्न करने के बाद सम्मान कार्य्रकम का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार जयंत पटले एवं नायब तहसीलदार डोनेश साहू उपस्थित हुए। इन्ही अतिथियो के हाथों बीएमओ सुनील रेड्डी ने अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी व अधिकारियों को प्रशशती पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।वर्षोबाद ऐसा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन हुआ,जिससे जुझारू कर्मियों का हौसला अफजाई हुआ है।मूख्य अतिथि जयंत पटले ने कहा कि वैश्विक महामारी के समय अगर महामारी को नियंत्रित किया जा सका तो आप जैसे बहादुर के चलते।फ्रंट लाइन वारियर के रूप में जान की परवाह किये बगैर जूझने वाले शासकीय सेवको ने मानवता का धर्म भी निभाया है।पटले ने चिरायु एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग की सराहना किया है।उक्त कार्यक्रम के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग के समस्त

चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.एस. गुप्ता, डॉ. अजय जांगड़े, डॉ. शुभम राजकांत, डॉ. तनिषा धनेलिया,डॉ. सन्नी यादव, डॉ. सूर्यकांत साहू, डॉ. केशव सोनी व् डॉ. हेमलता रायसागर उपस्थित थे इन्हें मिला सम्मान-उत्कृष्ट सेवा देने वाले डॉ. तनिषा धनेलिया , डॉ. सन्नी यादव- दंत चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सूर्यकांत साहू- आयुष चिकित्सा अधिकारी , डॉ. हेमलता रायसागर - आयुष चिकित्सा अधिकारी, तुजेंद्र दीवान विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, देवलाल कंवर एन.एम.ए. , रमेशचन्द्र वर्मा बी.इ.टी.ओ, भूपेंद्र चंद्राकर फार्मासिस्ट ग्रेड 02, हरिलाल साहू फार्मासिस्ट ग्रेड 02, महेंद्र सिंह सोमवंशी सेक्टर पर्यवेक्षक दीवानमुड़ा , पिरोवती तांडी स्टाफ नर्स,नमिता यदु सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी खुटगाव, शरद बघेल मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, दिनेश सोनकर एन.सी.डी. कांउन्सलर, कौशिल्या चन्द्रवंशी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सेक्टर देवभोग, हरीश कुमार साहू ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सेक्टर देवभोग, अमित पटेल ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सेक्टर दीवानमुड़ा, परमिला मंडावी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक सेक्टर दीवानमुड़ा, रेखा मसीह ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक , सत्यनारायण गोपाल सूर्यवंशी - ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक , मनोज कुमार ठाकुर ब्लॉक डाटा मेनेजर, अजय कुमार डडसेना शीत श्रृंखला प्रभारी, ईश्वर लाल ध्रुव सचिवीय सहायक , लव कुमार साहू स्थापना शाखा देवभोग, घनश्याम नागेश चतुर्थ श्रेणी, भूपेंद्र यदु वार्ड बॉय, प्रदीप यदु वाहन चालक को प्रशस्ति पत्र व् स्मृति चिन्ह प्रदान किया गय

हाईस्कूल गोहरापदर के छात्रों के साथ पूर्व संसदीय सचिव माँझी ने देखी प्रधानमंत्री मोदी की परीक्षा पे चर्चा

संवाददाता हेमचंद नागेश

गोहरापदर। महाविद्यालय एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रति वर्ष होने वाली परीक्षा की चर्चा के कार्यक्रम को सुना गया.विद्यालय के सभा कक्ष में बड़े प्रोज़ेक्टर के माध्यम से सभी छात्र छात्राओं के सामने लाइव प्रसारण किया गया.लाइव प्रसारण के दौरान पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी मौजूद रहे।परीक्षा पे चर्चा के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा से संबधित चर्चा की एवं छात्रों को टिप्स दिए.प्रधानमंत्री से छत्तीसगढ़ के दो विद्यार्थियों ने भी बात

की.कार्यक्रम के बाद छात्रों में उत्साह और सकरात्मकता देखने को मिली।इस दौरान प्राचार्य भूपेन्द्र तिवारी,भाजयुमो जिला प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश साहू के साथ विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका एवं विद्यार्थी गण मौजूद रहे।

गणतंत्र दिवस के मौक़े पर गोहरापदर में विभिन्न स्थानो पर हुआ ध्वजारोहण किया गया

संवाददाता हेमचंद नागेश

गोहरापदर 74वें गणतंत्र दिवस के मौक़े पर ग्राम पंचायत गोहरापदर के विभिन्न स्थानो पर ध्वजारोहण कर धूमधाम से गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय पर्व मनाया गया.प्रति वर्ष के भाँति विद्यालय और महाविद्यालय के छात्रो ने नगर भ्रमण करते हुए प्रभात फेरी निकाली.इस राष्ट्रीय उत्सव के दिन सभी नागरिकों में भारी उत्साह देखने को मिला.प्रमुख रूप से नवीन शासकीय महाविद्यालय में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी,भाजपा मंडल गोहरापदर द्वारा नगर के बजरंग चौक में मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण

तिवारी,विद्यार्थी परिषद द्वारा दुर्गा मंदिर के समक्ष ज़िला संयोजक रंजन यादव एवं क्षितिजनारायण तिवारी,ग्राम पंचायत में सरपंच हेमादी बाई माँझी,हाई स्कूल में पूर्व सरपंच मेघराम बघेल,प्री मैट्रिक छात्रावास में उपसरपंच अल्तमश खान,माध्यमिक शाला में देवीसिंह नेताम,प्राथमिक शाला में जमिला नागेश,संकुल केंद्र में टी.डी. कश्यप,बस स्टैंड में जनोबाई नागेश ने ध्वजारोहण किया गया.ध्वजारोहण के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया एवं सभी ग्रामवसियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दीं।

अटल प्रोग्रेस वे' सड़क परियोजना को रद्द करने के लिए किसानों ने विरोध सभा आयोजित की जुलूस प्रदर्शन व ज्ञापन के कार्यक्रम को विमान दुर्घटना में सैनिकों की मृत्यु के चलते किया स्थगित

कार्यक्रम में मौन धारण कर सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि

जोरा -अटल प्रोग्रेस वे सड़क परियोजना को रद्द करने के लिए सैकड़ों की संख्या में किसान स्थानीय कृषि उपज मंडी में एकत्रित हुए। लेकिन रैली ,प्रदर्शन, ज्ञापन के कार्यक्रम को विमान दुर्घटना में सैनिकों की मृत्यु के चलते उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर स्थगित कर दिया गया। अटल प्रोग्रेस वे सड़क परियोजना के खिलाफ किसान लगातार लामबंद हो रहे हैं। आज जोरा क्षेत्र के सैकड़ों किसान बर्रेड से लेकर सिहौरी तक करके के गांवों से एकत्रित हुए।किसानों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि किसान अपनी जान देने को तैयार है। लेकिन जमीन नहीं जाने देंगे। इसके लिए आगे आने वाले दिनों में मजबूती से लामबंद होकर संघर्ष तेज करना होगा।पूर्व विधायक महेश दत्त मिश्र ने कहा कि सरकार कॉरपोरेट्स के लिए काम कर रही है। उसे किसानों की चिंता नहीं है। मध्य

प्रदेश किसान सभा के प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष अशोक तिवारी ने कहा के किसानों के एकजुट व्यापक और जुझारू संघर्ष के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। किसानों ने संगठित होना शुरू कर दिया है बड़ी संख्या में किसान इस परियोजना के खिलाफ जमीन की लूट के विरोध में आपत्तियां प्रस्तुत कर रहे हैं। सभा को मानवेंद्र सिंह गांधी, भानु प्रताप सिंह चिंटू, प्रधान जी, सोबरन सिंह गुर्जा, गजेंद्रसिंह राठौर, जण्डैल सिंह, गया राम सिंह धाकड़, ओमप्रकाश श्रीवास, बंटी जादौन, उदय भान सिंह परमार नरहरी शर्मा आदि ने संबोधित किया। संचालन उदयवीर सिंह ने किया। आभार लखन मिलौआ ने व्यक्त द्वारा किया गया।विमान दुर्घटना में सैनिकों की मृत्यु होने पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा आज के कार्यक्रम को स्थगित करते हुए 31 जनवरी को व्यक्तिगत निरस्ती आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

यूनिवर्सल ह्यूमेन राइट काउंसिल मध्यप्रदेश के पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

शिवपुरी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर पोलो ग्राउंड मैदान में मंच से सार्वभौमिक मानव अधिकार परिषद के पदाधिकारियों को खेल राज्यमंत्री एवं शिवपुरी विधायक माननीय यशोधरा राजे सिंधिया जी एवं शिवपुरी कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह एवं शिवपुरी स्कराजेश

सिंह चंदेल प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद दारा खान की अनुशंसा पर संगठन के पदाधिकारियों को मंच से सम्मान पत्र देकर नवाजा गया आपको बता दें यह संगठन लगातार समाज सेवा के कार्यों को करने लगा है जिसमे कोरोना के समय फ्री ऑक्सीजन की व्यवस्था भोजन एवम कम्बल आदि का वितरण किया कोरोना काल के दोरान सेनेटाईज़र का वितरण किया वृक्षरोपण और फल वस्त्र समय समय आदि ज़रूरत मंद को वितरित किए गए एवं लॉकडाउन के समय जरूरतमंदों को राशन किट भी दी गईसामाजिक कार्यों के लिए प्रोत्साहित करने हेतु संगठन के पदाधिकारियों को 74 गणतंत्र दिवस पर प्रसस्ती पात्र देकर सम्मानित किया गया

मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के निर्माण से पहले सामने आए जमीन के विवाद

मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर काम

क्लीनिक बनाने को लेकर कुछ जगह जमीन को लेकर विवाद सामने आने लगे है। अभी नगर निगम ने 7 शुरू कराया है। इनमें से 4 पर जमीन को कर समस्या ख?ी हो गई है। शेष संजीवनी क्लीनिक बनाने का काम शुरू नहीं हुआ है। जब वहां कंपनी संजीवनी क्लीनिक बनाने पहुंचेगी, तब सच्चाई सामने आएगी।निगम ने वार्ड 9 स्थित राजामंडी मीट मार्केट में काम शुरू कर दिया है। वार्ड-16 में रेशम मिल पानी की टंकी के पास,वार्ड-25 मुरार में आदर्श आंगनबा?ी के पास एसएलपी कालेज, वार्ड-45 आपागंज सामुदायिक भवन कैलादेवी मंदिर के पास और वार्ड-47 माधवगंज स्थित सामुदायिक भवन के पास काम शुरू हो चुका है। वार्ड-60 में सिंधिया नगर में संजीवनी क्लीनिक चालू भी हो चुकी है।निगम ने सत्यानारायण की टेकरी, सेवानगर और काल्पी ब्रिज के पास संजीवनी क्लीनिक के लिए स्थल देखा था, लेकिन यहां विवाद सामने आया है। वार्ड 63 जमाहर गांव स्थित पुराना पंचायत भवन में संजीवनी क्लीनिक बनना थी। यहां का स्थल परिवर्तन किया जाएगा। लक्ष्मणतलैया पर संजीवनी क्लीनिक बनाने का काम नहीं होगा। यहां पर मिट्?टी परीक्षण में मिट्?टी उपयुक्त नहीं पाई गई।÷संजीवनी क्लीनिक 10 में विवाद की स्थिति सामने आई थी। इसमें से सीएमएचओ मनीष शर्मा ने छह स्थल पर जरूरत नहीं समझी है। अब चार जगह का मामला है। उसका निराकरण कर रहे है।÷

जिला आबकारी कार्यालय के पास की सड़क का मामला; बार-बार फूट रही है पानी की लाइन

शहर में पानी की लाइन के लीकेज और सीवर जाम की समस्या से शहरवासियों को निजात नहीं मिल रही है। पानी की लाइनों के बार-बार लीकेज से हाल में डामरीकृत हुई सड़कों को खोदा जा रहा है। शनिवार को पड़ाव स्थित जिला आबकारी कार्यालय के पास पानी की लाइन फूट गई। इसको ठीक करने के लिए 5 फीट लंबा गड्ढ़ढा करना पड़ा। इससे पूर्व दो गड्ढ़ढे पहले ही सड़क पर खुद चुके है। यह सड़क हाल में ही नई बनाई गई थी। इधर दर्पण कॉलोनी स्थित शक्ति विहार में सीवर लाइन चोक होने से कालोनी में गंदा पानी भरा हुआ है।आबकारी कार्यालय के पास सुबह पानी की लाइन फूटने से सड़क किनारे काफी पानी बह गया। लाइन फूटने की सूचना पर सप्लाई बंद किया गया। इसके बाद टूटी पानी की लाइन को ठीक करने का काम शाम तक चला। तब सुधार हो सका।

यहां पर भरा सीवर का पानी–शक्ति विहार में रहने वालों का कहना है यहां पर सीवर का पानी 24 घंटे

सड़कों पर भरा रहता है। गंदे पानी से ही क्षेत्रवासी और रहवासियों को निकलना पड़ता है। दो पहिया वाहन तो आए दिन फिसल रहे है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नगर निगम में इसकी शिकायत की जा चुकी है। तब भी स्वच्छ सर्वेक्षण के दौरान इस गंदगी को साफ नहीं किया जा रहा है। छोटे बच्चों का घरों से निकलना तक बंद हो गया है।

दिन में धूप, लेकिन रात में बड़ी ठंड, पारा 8 दिन बाद 5 डिग्री से नीचे, 48 घंटे में 10.7 डिग्री गिरा तापमान

एक बार फिर से रातें सर्द होने लगी हैं। दिन में धूप खिलने से लोगों को राहत महसूस हुई, लेकिन रात का पारा 8 दिन बाद फिर 5 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया। 48 घंटे पहले का रात का तापमान देखें तो 15.0 डिग्री हो गया था, जो अब 10.7 डिग्री नीचे गिर चुका है। धूप खिलने से दिन में पारा 3.4 डिग्री बढ़ोत्तरी के साथ 24.4 डिग्री दर्ज किया गया।शनिवार को सुबह से ही धूप निकली, लेकिन हवा चलने से लोगों ने हल्की ठंडक का अहसास किया। हालांकि दिन में हवा थम गई। इस दौरान शहरवासी धूप सेंकते नजर आए। मौसम विभाग ने 24 घंटे पूर्वानुमान का बुलेटिन जारी कर कहा है कि ग्वालियर और चंबल संभाग के जिलों में अगले 24 घंटे में हल्का कोहरा छा सकता है। मौसम विभाग के आंक?ों के अनुसार रात का तापमान 4.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 3.9 डिग्री कम आंका गया। अगले दो दिन में बादल छाने एवं बूंदाबांदी की संभावना जताई गई है।ग्वालियर7 वायरल फीवर के नेचर में इन दिनों बदलाव देखने को मिल रहा है। आमतौर पर वायरल फीवर तीन से पांच दिन तक रहता है, लेकिन वायरल फीवर में बदलाव देखने को मिल रहा है। वायरल फीवर में खांसी, जुकाम और तेज बुखार के साथ पेट में दर्द और उल्टी होने की शिकायत देखने को मिल रही है। वायरल फीवर के मरीजों को ठीक होने में डेढ़ से दो सप्ताह तक का समय लग रहा है। वायरल के कई मरीजों में कोरोना जैसे लक्षण आ रहे हैं लेकिन जांच कराने पर आरटी पीसीआर की रिपोर्ट निगेटिव आ रही है।वरिष्ठ चेस्ट फिजीशियन डॉ. उज्जवल शर्मा ने बताया कि वायरस के रूप में बदलाव देखने को मिल रहा है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम है या जिनको पूर्व में



कोरोना हुए है वह इस वायरस की चपेट में जल्दी आ रहा है। ऐसे रोगियों वायरल फीवर ठीक होने लंबा समय ले रहा है। वायरल फीवर में इस बार कफ सीने में जमने तक की शिकायत लोगों का आ रही है जिसके कारण ज्यादा खांसी होने पर उल्टी तक लोगों को हो रही है। जीआरएमसी के मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप प्रजापति ने बताया कि ओपीडी में आने वाले मरीजों में वायरल फीवर के मरीजों की संख्या अधिक है।

आसमान साफ है इसलिए रात का पारा गिरा, फिर बदलेगा मौसम–÷अभी आसमान साफ बना है।

पाली जिले में स्थित: गुड़ा मोकमसिंह गांव में हुआ भूमी पूजन

रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा गुड़ा मोकमसिंह

सीरवी समाज के गणमान्य बंधुओं के साथ सभी पंच परमेश्वर के सानिध्य में आज सीरवी विकास संस्थान का भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा । सीरवी विकास संस्थान के अध्यक्ष पोकरराम लचेटा, उपाध्यक्ष चेनाराम मुलेवा, सचिव पूनमचंद परिहार, कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सोलंकी, उप कोषाध्यक्ष कैलाश सापतरा एवं भूमि पूजन के भामाशाह श्रीमती भूरी देवी धर्मपत्नी टीकम राम सापतरा के सानिध्य में भूमि पूजन दला महाराज के हाथो हुआ । जहां समाज के गणमान्य बंधुओ व कोटवाल जमा धारी और पंचगण एवं युवा सज्जनो ने भाग लिया । आज सीरवी विकास संस्थान के सचिव महोदय पूनमचन्द परिहार ने बताया की यहां पर हमें सबसे पहले पानी की सख्त जरूरत है । इसलिए आज ही कार्यकारिणी की उपस्थिति में बोरिंग लगाने का निर्णय लिया ओर आज बोरिंग लगाने का कार्य शुरू कर दिया है एवं भरपूर पानी होने की आईमाताजी से प्रार्थना करते हे ।

लाल सिंह मौर्य प्रांतीय संगठन मंत्री (प्रथम) चुने गए

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर
पुष्पांजलि टुडे

एटा। लखनऊ में हुए द्विवार्षिक चुनाव में लाल सिंह मौर्य को उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ उत्तर प्रदेश के हुए द्विवार्षिक चुनाव में उत्तर प्रदेश का प्रांतीय संगठन मंत्री प्रथम के पद पर चुनाव में विजय घोषित किया गया यह चुनाव राज स्टेट गेस्ट हाउस लखनऊ में विधिवत निर्वाचित घोषित किया गया जिसमें निर्वाचन अधिकारी प्रथम श्री विजय कुमार भारतीय द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया जिस के उपलक्ष में एटा जिले के राजस्व संग्रह अमीन संघ के जिला अध्यक्ष कमलेश सिंह राठौर द्वारा तहसील सदर एटा मैं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभा का

संचालन श्री रोहतास पांडे संग्रह अमीन द्वारा किया गया एवं अध्यक्षता श्री सुरेश चंद्र सोलंकी द्वारा की गई वक्ताओं के रूप में श्री गिरीश चंद्र संग्रह अमीन तहसील अध्यक्ष तहसील महामंत्री श्री मोहन सिंह बा उपस्थित श्री राजकुमार जी कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ जनपद एटा द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया कमलेश सिंह राठौर द्वारा भी सभा को संबोधित किया गया नवनिर्वाचित लाल सिंह मौर्या द्वारा कहां गया कि हमारी मांगे खंडित सेवा को जुड़वाना एवं संग्रह अमीनो को 2800 ग्रेड पे का आदेश कराना एवं संग्रह अमीन ओ को साइकिल भत्ता की जगह मोटरसाइकिल भत्ता दिलाना अंत में सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया उपस्थित साथी वीरेश राघव विनोद यादव पवन कुमार पंकज यादव जयप्रकाश अमीन दिनेश सिंह भुजबीर सिंह अनंत शर्मा छत्रह अनार सिंह रीना सक्सेना आदि लोग उपस्थित रहे

अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह में संपन्न हुआ गणतंत्र दिवस समारोह...

केशब पंडित जी अम्बाह...

अम्बाह... अम्बाह स्नातकोत्तर महाविद्यालय अम्बाह में 74 वे गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस एवं रेड क्रॉस के वॉलिंटियर्स के साथ-साथ महाविद्यालय के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने महाविद्यालय स्टॉफ के सदस्यों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सराहनीय सेवा सम्मान के अंतर्गत महाविद्याल में उत्कृष्ट सेवाऐं देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया। जिनमें डॉक्टर दिनेश रावत डॉ मनोज कुमार शर्मा डॉ श्रीमती मंजू तोमर, डॉ. बी एम बंसल श्री रामबरन सिंह राठौर अरुण सिंह तोमर कुमारी नेहा तोमर श्री कालीचरण सिंह श्री रेहान खान को सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ महाविद्यालय के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी प्राचार्य द्वारा स्वयं के मानदेय के से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्लेजर वितरित किए ।

शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज का सूर्य सप्तमी महोत्सव आयोजित

वैदिक मंत्रों संग दी यज्ञ में दी आहुतियाँ

बेंगलुरु .माघ शुक्ल सप्तमी शनिवार को शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज के मुख्य आराध्य भगवान भास्कर के प्राकट्योत्सव सूर्य सप्तमी पर स्थानीय बिन्नी मिल रोड स्थित जांगि? समाज भवन में आज शनिवार को प्रातः सूर्य भगवान के चित्र सम्मुख यजमानों द्वारा यज्ञ वेदी में भगवान भास्कर की आराधना की आहुतियाँ के साथ पूजा अर्चना कर सूर्य भगवान की आरती की गई। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिकों एवं मेधावी विद्यार्थियों का माला एवं शॉल से सम्मान किया गया।

कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त आशुतोष तिवारी पहुंचे दबोह,राव साहब गुर्जर के नेतृत्व में हुआ जोरदार स्वागत

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

दबोह- मध्यप्रदेश ग्रह निर्माण व अधोसंरचना विकास मण्डल(कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त)आशुतोष तिवारी अपने लहार प्रवास के दौरान दबोह पहुँचे।जहां पर उनका नगर मण्डल महामंत्री राव साहब गुर्जर के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।यहां बता दें कि मण्डल महामंत्री राव साहब गुर्जर ने श्री तिवारी जी का स्वागत अपने कार्यालय पर दर्जनों कार्यकर्ताओ के साथ किया।मण्डल महामंत्री राव साहब गुर्जर एक सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता हैं जो कि मप्र भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व के लगातार सम्पर्क में हैं।

बीजग्राम योजना अंतर्गत बोरगांव टोला में किसानों को दिया प्रशिक्षण

रितेश कटरे ब्युरो चाफ
पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

बीजग्राम योजना अन्तर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन जिले के विभिन्न गांवों में किया जा रहा है। उप संचालक कृषि बालाघाट राजेश खोबराग? ने बताया कि 28 जनवरी को बालाघाट जिले के विकासखंड किरनापुर के ग्राम पंचायत बोरगाँव अन्तर्गत बोरगाँव टोला में बीजग्राम योजना अन्तर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय जनपद सदस्य पति यशवंत सिल्हारे, प्रगति शील कृषक किशोर कुमार बिसेन, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी किरनापुर आर एल सिहमार, विकास खंड तकनिकी

अधिकारी (आत्मा) जगदीश कटारिया, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय उके व ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गोधी घोरमारे के साथ ग्राम बोरगांव टोला के किसान भाई राजेंद्र रहांगडाले भुतपुर्व सरपंच, किशोर बिसेन ऋषक मित्र, थानेश बिसेन, मदनलाल बिसेन, संजय बिसेन, युवराज पटले, बाबूलाल बिसेन, डेली रहांगडाले, रूपलाल भगत, भोलाराम बिसेन, मूलचंद बिसेन, अनमोल बिसेन, शिवप्रसाद बिसेन, गांधी घोरमारे ग्राम सेवक, विनोद बिसेन एव किसान दीदी श्रीमती सकुन बाई बिसेन, ऊषा किरण बिसेन, कौशल बाई बिसेन, मिना बाई बिसेन, गभा कौशल बाई बिसेन एवं अन्य किसान मित्र तथा किसान दीदियां उपस्थित रहे।

अम्बाह बिधार्थी परिषद इकाई ने बिशिमल की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण...

केशब पंडित जी पत्रकार अम्बाह

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अम्बाह द्वारा गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगरपालिका चौराहे पर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल जी की प्रतिमा के पास भारतमाता पर माल्यार्पण कर भारत माता की भव्य आरती की ! विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर प्रकाश डाला इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता श्री मनोज शर्मा जी, श्री संतोष राठौर एवं युवा मोर्चा भाजपा जिला उपाध्यक्ष गोलू भदोरिया जी, विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष आर एस राठौर, नगर उपाध्यक्ष विकास राज लोहिया, जिला ह्य.द्ध.ह्य. प्रमुख सोम शर्मा, नगर मंत्री भुवनेश गुधेनिया, नगर सह मंत्री मनीष राठौर, एस एफ डी प्रमुख गौरव भदोरिया, ऋषि श्रीवास आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

सुखोई और मिराज फाइटर आपस में टकराए, दो पायलट सुरक्षित

एक शहीद मुरैना में शनिवार सुबह 10.30 बजे वायु सेना के दो ल?कू विमान क्रैश हो गए। पहा?ग? के लोगों ने धमाके के बाद जलते हुए एक विमान को गिरते देखा। इसके बाद ग्रामीण उस जगह पहुंचे तो आग की लपटों के बीच मलबा बिखरा हुआ था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्होंने धूल से आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। पास में ही दो पायलट पैराशूट के साथ झा?यों में फंसे हुए थे, जिन्हें लोगों ने बाहर निकाला। दोनों पायलट को सेना के हेलिकॉप्टर से ग्वालियर ले जाया गया। यहां उनका इलाज जारी है। वहीं दूसरे विमान के पायलट की मौत हो गई लोगों ने सुनी तेज धमाके की आवाज जानकारी के मुताबिक, विमान हादसा पहाड़गढ़ से करीब पांच किमी दूरी ईश्वर महादेव मंदिर के पास हुआ है। पहाड़गढ़ क्षेत्र के लोगों को जंगल में तेज

आवाज सुनाई दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो वहां पर विमान का मलबा पड़ा हुआ था और उसमें आग लगी हुई थी। हादसे की खबर पाते ही प्रशासन घटनास्थल पर रवाना हो गया जलता हुआ गिरा नीचे बता दें कि आज सुबह मुरैना जिले की कैलारस तहसील मुख्यालय के ऊपर एक जलता हुआ विमान तेजी से नीचे आ रहा था. अचानक यह विमान पहाड़गढ़ की ओर चला गया पहाड़गढ़ कस्बे के ऊपर से नीचे गिरते हुए विमान को ग्रामीणों ने देखा विमान जंगल में जाकर तेज धमाके के साथ फट गया. घटना के बाद ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस-प्रशासन को इसकी सूचना दी गई. पुलिस-प्रशासन ने महाराजपुर एयरवेज को घटना की जानकारी दी प्रशासन द्वारा तत्काल अधिकारियों के दल के साथ-साथ एक बड़ा चिकित्सकीय दल एवं दमकल और सुविधाएं घटनास्थल पर पहुंचाई गईं.

कैलारस: शा कन्या स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव

कैलारस- शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी ए के पाठक उपस्थित रहे बही सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की बही मुख्य अतिथि ?िला शिक्षा अधिकारी का उपस्थित स्टाप ने फूल मालाओं से स्वागत किया कार्यक्रम में छात्राओं ने अलग अलग तरीके से देश भक्ति गीत, नारी सुरक्षा, बेटी पड़ाओ बेटी बचाओ, नाश मुक्ति, स्वच्छता सहित अन्य कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए अध्ययनरत छात्राओं के मनोबल बढ़ाने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि दृढ़ संकल्प एवं मेहनत की जाए तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है आप सभी लोगो की प्रस्तुति प्रशंसनीय आप सभी लोग इस तरीके के कार्यक्रमों में भाग लेकर अपने विद्यालय एवं गांव का नाम रोशन करें बही वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए बही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आए जिला शिक्षा अधिकारी ए के पाठक ने

छात्रावास का निरीक्षण किया और छात्रावास प्रभारी को सुधारात्मक निर्देश दिए कार्यक्रम में विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री देवेन्द्र हरदेनिया,प्राचार्य प्रीति शर्मा,बृजेश कुमार बघेल बघेल नरेशनारायण शर्मा,मनोज वर्मा ,कृष्णपाल धाकड़,रामपाल धाकड़,अशोक माहोर,विश्वंभर कुशवाह,एन यू कुरैषी,लता धाकड़, पुष्पा सिकरवार,शिखा राजपूत,कमलकांत,अशोक एवम् सतीश शर्मा,प्रदीप रामपुरे उपस्थित रहे।

झाांकरी प्रभारी थाना मौ पुलिस ने हत्या के प्रयास में 5000 रुपए के ईनामी आरोपी को 315 बोर के अवैध देसी कट्टे के साथ किया गिरफ्तार

पुष्पांजली टुडे संवाददाता मालनपुर

भिण्ड। पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार एवं एसडीओपी गोहद सौरभ कुमार के निर्देशन में थाना प्रभारी मौ सुधीर कुशवाह के नेतृत्व में गंभीर अपराधों में फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में प्रभारी झांकरी उपनिरीक्षक अजय सिंह यादव और उनकी टीम द्वारा हत्या के प्रयास आरोपी सोनू गुर्जर पुत्र अमरसिंह गुर्जर नि अतरसोहा थाना मौ को थाना के अ.क्र. 58/22 धारा 307, 294, 34 भादवि 25/27आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में प्रभारी झांकरी उपनिरीक्षक अजय सिंह यादव, प्र. आर. इरशाद, आर. धर्मेंद्र आर. जहीर,आर. ओमवीर आर. सुनील की सराहनीय भूमिका रहीं है।

अंकज्योतिष एक अनूठी पद्धति हैः-कोमल सिपानी

जीतो नार्थ महिला विंग की न्यूमेरोलॉजी पर कार्यशाला

पुष्पाजंली टुडै

बेंगलुरू।जीतो बैंगलुरु नार्थ की महिला विंग द्वारा चामराजपेट स्थित जीतो कार्यालय में सेंटर फ़ॉर एक्सिलेंस के अन्तर्गत न्यूमेरोलोजि, ÷अवर नम्बर-अवर रिफ़्लेक्शन÷ विषयक पर दो दिवसीय कार्यशाला आरंभ की गई। नवकार मंत्र से प्रारंभ कार्यशाला में अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने स्वागत करते हुए कहा कि हमे एक दूसरे को समझने के लिये यह जीवन बहुत छोटा है फिर भी हम चेहरे को पढ़कर, खामोशी को देखकर, कभी मुस्कुराहट से, कभी छलकते आसुओ से, कभी विचारों से तो कभी हथेली की रेखाओ से एक दूसरे को जानने की कोशिश करते है और अंक ज्योतिष इसमें सहायक सिद्ध है फेशन स्टाइलिस्ट और इमेज डिज़ाइनर प्रशिक्षक कोमल सिपानी ने कार्यशाला में प्रशिक्षुओं से कहा कि न्यूमेरोलॉजि एक अनूठी स्व-अध्ययन पद्यति है। इसके माध्यम से आप स्वयं के संबंध में अंत-ज्ञान पाते हैं। साथ ही आपको पता चलता है कि आपके द्वारा किये गए चुनाव आपने क्यों किये हैं। सिपानी ने आगे बताया कि न्यूमरोलोजी की

ज्योतिष में विशेष जगह है। इसके माध्यम से ना सिर्फ अपने स्वभाव की विशेषताओं को जान सकते हैं बल्कि भविष्य का भी अंदाजा लगा सकते हैं। अंक शास्त्र अथवा न्यूमरोलोजी,आपके जीवन पर अंकों का प्रभाव बताने वाली विद्या है जिसे वैश्विक भाषा की मान्यता दी गई है। इससे आपके भविष्य और जीवन के भेदों को जाना जा सकता है। अंक शास्त्र अथवा न्यूमरोलोजी का सिद्धांत कहता है कि ब्रह्माण्ड एक प्रणाली है और जब यह खंडित होती है तब इसके मूल तत्व अर्थात संख्याएं ही बाड़ी रहती हैं। इसकी सहायता से आपको एक ही समय पर चुनौतियाँ तथा अवसरों के बारे में पता चलता है। आपकी जीवन पथ संख्या आपकी जीवन रेखा का खाका बताती है। इससे आपको जीवन में आने वाली चुनौतियों और उनका सामना कैसे किया जाए के बारे में पता चलता है। जीतो बैंगलुरु नार्थ के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला तीन सत्रों में चलेगी जिसमें प्रशिक्षुओ की जिज्ञासाओं का समाधान भी होगा। कार्यशाला में 2022 की महिला विंग अध्यक्ष पिंकी दिलीप जैन तथा चित्रा मेहता ने अपनी विशेष उपस्थिति से सभी का उत्साहवर्धन किया। कार्यशाला की संयोजिका व कोषाध्यक्ष मधु कटारिया व सह-संयोजिका रूचिका पटावरी ने मुख्य प्रशिक्षक का परिचय दिया।आगामी सूचना एवं धन्यवाद महामंत्री सुमन वेदमुथा ने किया। सहमंत्री भाविका कोठारी, कार्यसमिति सदस्य सुष्मिता सेठीया, शिखा तातेड, तनु मेहता उपस्थित थे।

ओबीसी महासभा के आगे झुका विश्वविद्यालय प्रबंधन

रंग लाया आंदोलन, 600 से अधिक छात्रों के रिजल्ट में हुआ संशोधन

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट

छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले समस्त कॉलेजों के विभिन्न संकाय में अध्ययनरत ज्यादातर बच्चों को फेल किए जाने वाले मामले में ओबीसी महासभा द्वारा किए गए आंदोलन को एक बड़ी सफलता मिली है। जहां पिछले दिनों ओबीसी महासभा के बैनर तले किया गया छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का घेराव सफल रहा। जहां आंदोलन के चलते विश्वविद्यालय प्रबंधन ने फेल हुए 600 से अधिक बच्चों के रिजल्ट में संशोधन कर दिया है. जहां साल बर्बाद होने से बचने पर बच्चों ने खुशी जताई है तो वही ओबीसी महासभा के जिला अध्यक्ष सौरभ लोधी ने बाकी बच्चों का संशोधित रिजल्ट जल्द घोषित करने की मांग की है। जहां उन्होंने 10 से 15 दिनों के भीतर बाकी बच्चों का रिजल्ट संशोधन ना होने पर, दोबारा छिंदवाड़ा यूनिवर्सिटी जाकर उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी दी है । जहां उन्होंने युवाओं के भविष्य के लिए ओबीसी महासभा का यह आंदोलन आगे भी जारी रखने की बात कही है।

क्या है पूरा मामला-आपको बताएं कि सभी सकायो में पढ़ाई करने वाले विभिन्न विषयों के ज्यादातर बच्चों का, छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय द्वारा करीब 2 माह पूर्व रिजल्ट जारी किया गया था। जहा देरी से जारी किए गए रिजल्ट में ज्यादातर बच्चे फेल हो गए थे। जहां देरी से रिजल्ट जारी किए जाने और एग्जाम के एन वक्त पूर्व , पिछले साल का रिजल्ट जारी कर, ज्यादातर बच्चों को फेल किए जाने पर विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय प्रबंधन के खिलाफ रोजाना ही आक्रोश देखा जा रहा था। यहां फेल किए गए सभी बच्चों को पास किए जाने, उन्हें जनरल प्रमोशन देने और यथाशीघ्र संशोधित रिजल्ट जारी किए जाने की मांग को लेकर विद्यार्थियों द्वारा लगातार आवेदन, निवेदन, विरोध, प्रदर्शन किया जा रहा था जिस पर भी बात ना बनने पर ,विद्यार्थी खासा नाराज थे।जिन्होंने इस पूरे मामले को ओबीसी महासभा के बैनर तले जोर शोर से उठाया था।जिन्होंने विश्वविद्यालय प्रबंधन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए ओबीसी महासभा के बैनर तले छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय का घेराव किया था। जहा विद्यार्थियों ने छिंदवाड़ा में एक रैली निकालकर अपनी विभिन्न मांगों को पूरा किए जाने की गुहार लगाई थी, तो वहीं रैली में शामिल सभी विद्यार्थीयो, ने ओबीसी महासभा के बैनर तले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निवास पर पहुंचकर उनसे भी इस मामले में हस्तक्षेप करने को कहा गया था ।

पहाड़गढ़-छात्रावास,जनपद, अस्पताल का किया जिलापंचायत अध्यक्ष एस डी एम ने निरीक्षण पहाड़गढ़-

जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर एवं जौरा एसडीएम अरविंद माहौर ने पहाड़गड़ में आदिम जनजाति बालिका छात्रावास एवम बालक छात्रावास का आकस्मिक निरीक्षण किया निरीक्षण में पाई गई अनुमिता को लेकर सुधारात्मक निर्देश दिए बही क्लास रूम में बच्चो पर बेग नही होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष नाराज दिखी बही शिक्षा की गुड़वकता ठीक करने छात्रावास में पड़ रहे बच्चो को ड्रेस, बैग,एव सर्दी के बचाव के लिए स्वेटर एव बच्चो की कक्षाएं नवीन बिल्डिंग में संचालित करने एवं छात्रावास परिसर एवं क्लास रूम में साफ सफाई एवं जालिया लगाने के निर्देश दिए वही बच्चे भी कम मिले आदिम जनजाति कल्याण विभाग छात्रावास के प्रभारी अधिकारियों को जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर एव जौरा एसडीएम अरविन्द माहौर ने एक सप्ताह में हालत सुधारने हेतु निर्देश दिए वही जिला पंचायत अध्यक्ष आरती गुर्जर ने बच्चों से खाने के लिए मिलने बाले भोजन एवं अन्य जानकारी एव उन्होंने कहा कि जल्दी फिर में निरीक्षण करूंगी बही उसके बाद स्वाथ्य केन्द्र पहाड़गड़ एव एनआरसी का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया एवं डॉ को सुधारात्मक निर्देश भी दिए बही उन्होंने कहा कि यहां आदिवासी क्षेत्र है यहां पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मिलनी चाहिए जिससे कि लोगों को कोई परेशानी ना हो एवं स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई का आप लोग विशेष ध्यान रखें बही उन्होंने स्वाथ्य केंद पहाड़गड़ में महिला चिकित्सक के लिऐ सी एम एच ओ को कलेक्टर के माध्यम से मांग कर ने कहा बही उन्होंने उपस्थित स्टाप से चर्चा की एवं एनआरसी में भर्ती बच्चों जानकारी ली एवं निरीक्षण किया वहीं स्वास्थ्य केंद में लैब की जगह का निरीक्षण किया एव जल्द से जल्द काम शुरू कराने की बात कही बही उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजो की निःशुल्क जांच हो सके एव लोगो को जांच के लिए बाहर नही जाना पड़े इस लिए जल्द ही लेव का कार्य पूरा किया जाए बही उन्होंने ने डॉक्टरों को हॉस्पिटल में उपस्थित रहने के निर्देश दिए बही जौरा एसडीएम ने तहसीलदार पहाड़गड़ कोतहसील पहाड़गड़ में पटवारी पहाड़गड़ व कहरपुरा पटवारी का बैठना सुनिश्चित करें नियमित हर गुरुवार बैठेंगे नायव तहसीलदार, बही जनपद पंचाय के सामने सड़क पर पानी की फूटी पाईप लाईन को ठीक करवाने के लिए पहाड़गड़ सचिव को कहा जिससे कि निकल रहे पानी को रोका जा सके

भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी मण्डल मौं कार्यसमिति की अपेक्षित श्रेणी की महत्वपूर्ण बैठक

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ
डॉ.बेताल सिंह गौड़

भाजपा प्रदेश नेतृत्व एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार भारतीय जनता पार्टी मण्डल मौं कार्यसमिति की अपेक्षित श्रेणी की महत्वपूर्ण बैठक भाजपा मंण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह के निबास बार्ड क्रमांक 11 मिल्क पट्टी मैं आयोजित की गई जिसमें मुख्य रुप से माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यक्रम मन की बात एवं आगामी कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला मंत्री फरेन्द सिंह सिकरवार जी एंव बिशिष्ट अतिथि के रूप मैं नगर परिषद मौं के पूर्व अध्यक्ष मुकेश भारद्वाज जी एंव मर्जाद सिंह यादव जी उपस्थित रहे अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की बैठक का संचालन महामंत्री राजू मिश्रा एवं आभार रघुराज गुर्जर ने व्यक्त किया बैठक में मुख्य रूप से भाजपा वरिष्ठ नेता मेहबूब खांन रामू कुशबाह महेंन्द परिहार रामखत्यार गुर्जर हरिश्चन्द्र यादव रवि बघेल आगम जैन डां बेताल गोड सोमबीर सिबहरे रामकुमार शर्मा आशीष माहोंर हरबीर गुर्जर राहुल गुर्जर धर्मेन्द गुर्जर संतोष यादव संजूं यादव बन्टी कुशबाह सूरज खटीक शतीष परिहार सोनू खांन दिनेश परिहार सुभंम राठौंर दीपक यादव आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे*



सम्पादकीय

जंतर-मंतर के दांव-पेच और बाहुबली

इस बार पहलवानों का दंगल जंतर-मंतर पर जमा था जी! जंतर-मंतर पर जोर-आजमाइश के लिए किसान तो इधर अक्सर ही पहुंचने लगे हैं। कई बार मजदूर भी पहुंचते हैं। सरकारी कर्मचारी भी पहुंचते हैं। छात्रों और युवाओं की सरकार के साथ जोर-आजमाइश तो जंतर-मंतर पर आए दिन होती ही रहती है। लेकिन पहलवानों का दंगल जंतर-मंतर पर पहली बार जमा था। वैसे तो जंतर-मंतर है ही दंगल की जगह। सरकार ने ही तय कर रखी है, कोई क्या करे। यहां पाले में एक तरफ होती है सरकार और दूसरी तरफ होते हैं उसके विरोधी। कई बार विरोधी नहीं भी होते तो वे सरकार से कुछ-कुछ मांग जरूर रहे होते हैं। लेकिन हाथ फैलाकर नहीं, मुट्ठी बांधकर। दंगल की जगह होने के बावजूद जंतर-मंतर पर पहलवान पहले कभी नहीं पहुंचे थे। अलबत्ता कुश्तियां वहां चलती रहती थीं। कई बार असली जीत-हार वाली भी और कई बार नूराकुश्ती भी। दाव असली भी होते थे, दांव नकली भी होते थे। इसके बावजूद पहलवान वहां नहीं होते थे। इस बार वहां पहलवान ही पहुंचे थे और असलीवाले ही पहुंचे थे। फिर खास बात यह कि वे पाले में सभी एक ही तरफ खड़े थे। दूसरी ओर तो बाहुबली थे। यह सच है कि फिल्म दंगल भी हिट हुई और फिल्म बाहुबली भी हिट हुई। लेकिन यहां पहलवान कह रहे थे कि हम पिट रहे हैं और बाहुबली कह रहे थे कि हम पिट रहे हैं। जबकि असल में न पहलवान ऐसा कहते हैं और न ही बाहुबली ऐसा कहते हैं। वो जो फिल्म बाहुबली के बाहुबली थे, वे सत्ताविरोधी थे। जबकि कायदे से बाहुबली या तो सरकार के साथ होते हैं या फिर सरकार उनके साथ होती है। जो बाहुबली सत्ताविरोधी होते हैं, उनकी गाड़ियां रास्ते में पलट जाया करती हैं या फिर वे जेलों की सलाखों के पीछे पाए जाते हैं और उनकी संपत्तियों पर बुलडोजर दौड़ा करते हैं। सत्ताधारी पहलवानों को भी अपने साथ ही लगाए रहते हैं और कई बार तो लोगों की शिकायत होती है कि पहलवान ही उन्हें सहारा देते हैं। लेकिन इस बार जो दंगल जमा था, उसमें सत्ता रेफरी की तरह बीच में खड़ी थी और उसकी एक तरफ पहलवान थे और दूसरी तरफ बाहुबली। सबसे पहली बात तो यह कि यह नूराकुश्ती नहीं थी। जोर-आजमाइश फुल थी। अब पहलवान थे तो उन्हें तो कुश्ती के दांव आते ही थे, लेकिन उन्हें राजनीति के दांव नहीं आते थे। उधर बाहुबली को सारे दांव आते थे। दंगल वाले भी और राजनीति वाले भी। सो उन्होंने जात बिरादरी से लेकर राजनीति तक सब की। फिर भी पहलवान अड़े रहे, डटे रहे। रेफरी ने उन्हें थपकी दी और बाहुबली की ओर आंखें तरेरी। पर हार-जीत अभी कोई हुई नहीं है।

कब हुई नागा विद्रोह की शुरूआत? अब क्या है स्थिति

1957 में नागा हिल्स असम का एक जिला बन गया। 1963 में आधिकारिक तौर पर राज्य का दर्जा दिया गया था और 1964 में पहले राज्य स्तरीय लोकतांत्रिक चुनाव हुए थे। कब हुई नागा विद्रोह की शुरूआत? नागालैंड उत्तर पूर्व में सबसे पुराने विद्रोह का घर रहा है।

असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर और बर्मा राज्य की सीमा में 16 प्रमुख जनजातियों और विभिन्न उप-जनजातियों बसी हुई है। नगा जनजातियों के हमेशा असम और म्यांमार में जनजातियों के साथ सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक संबंध थे। 1826 में ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने असम पर अधिकार कर लिया। 1892 तक तुएनसांग क्षेत्र को छोड़कर नागालैंड पर अंग्रेजों का शासन था। इसे राजनीतिक रूप से असम में मिला दिया गया था, जो लंबे समय तक बंगाल प्रांत का हिस्सा था। 1957 में नागा हिल्स असम का एक जिला बन गया। 1963 में आधिकारिक तौर पर राज्य का दर्जा दिया गया था और 1964 में पहले राज्य स्तरीय लोकतांत्रिक चुनाव हुए थे। कब हुई नागा विद्रोह की शुरूआत? नागालैंड उत्तर पूर्व में सबसे पुराने विद्रोह का घर रहा है। भारत की स्वतंत्रता से पहले ही नागाओं द्वारा एक संप्रभु राष्ट्र के विचार की कल्पना की गई थी। नागालैंड ने 1963 में राज्य का दर्जा प्राप्त किया और आज इसमें जनजातीय समानता के आधार पर विभाजित 18 जिले शामिल हैं। नागा विद्रोह की शुरूआत 1946 में नागा नेशनल कांग्रेस (ठठउ) के गठन के साथ हुई। सशस्त्र विद्रोह को रोकने के लिए 1953 में भारतीय सेना के प्रवेश के परिणामस्वरूप पार्टी ने नागा संघीय सेना (ठञ्झ) नामक एक सशस्त्र शाखा का गठन किया। नागा संघीय सरकार (ठञ्झ्ह) नामक एक भूमिगत सरकार भी बनाई गई थी। शांति की दिशा में पहला बड़ा प्रयास 1975 में शिलांग समझौते पर हस्ताक्षर करना था। हालाँकि, शांति समझौते के कारण एनएनसी के भीतर विद्रोह हुआ, जिसके कारण 1980 में एनएससीएन की नींव पड़ी। नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड में पड़ी फूट एनएससीएन के शीर्ष नेताओं के बीच विचारधाराओं के अंतर के कारण 1988 में समूह में विभाजन हुआ, जिसके परिणामस्वरूप ठरउठ (क्ट) और ठरउठ (ड) का गठन हुआ। दोनों समूहों ने वर्तमान नागालैंड राज्य और असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और म्यांमार के नागा बसे हुए क्षेत्रों के क्षेत्र को शामिल करते हुए एक संप्रभु नागालिम बनाने की मांग को आगे बढ़ाया। एनएससीएन आईएम को छोड़कर ये सभी समूह नगा नेशनल पॉलिटिकल ग्रुप्स (एनएनपीजी) की छतरी के नीचे काम करते हैं। उसी वर्ष ठरउठ (क्ट) में जेलियांग्स द्वारा विभाजन के परिणामस्वरूप जेलियांग्रोंग यूनाइटेड फ्रंट (ZUF) का गठन हुआ। लंबे समय तक हिंसा ने शांति की आशा का मार्ग प्रशस्त किया जब ठरउठ (IM) ने 1997 में भारत सरकार के साथ संघर्ष-विराम में प्रवेश किया, उसके बाद 2001 में ठरउठ (K) ने संघर्ष-विराम किया। गठन पर ठरउठ (KK) ने भी संघर्ष विराम पर हस्ताक्षर किए। सरकार। 2012 में ठरउठ (K) ने म्यांमार सरकार के साथ संघर्ष विराम समझौता किया। इस समझौते ने म्यांमार के सागैंग प्रांत में लाहे, लेशी और नान्युन जिलों में एनएससीएन (के) स्वायत्तता प्रदान की। नागरिक समाज ने भी शांति प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनएससीएन (के) ने एकतरफा रूप से संघर्ष विराम समझौते को रद्द कर दिया। इस समूह के निर्णय के कारण एक और विभाजन हुआ और परिणामस्वरूप एनएससीएन (रिफॉर्मेशन) का गठन हुआ। एनएससीएन (के) ने उल्फा (आई), एनडीएफबी (एस) और केवाईकेएल के साथ मिलकर यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ वेस्टर्न एसई एशिया (यूएनएलएफडब्ल्यू) का गठन किया। एनएससीएन (के) ने उल्फा (आई), एनडीएफबी (एस) और केवाईकेएल के साथ मिलकर यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ वेस्टर्न एसई एशिया (यूएनएलएफडब्ल्यू) का गठन किया। गठन के बाद से, समूह नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में हिंसा की कई घटनाओं में शामिल रहा है। इस बीच ठरउठ (क्ट) ने भारत सरकार के साथ एक 'शांति समझौते' पर हस्ताक्षर किए, जो स्पष्ट रूप से भविष्य की वार्ता/संकल्प के लिए 'ढांचा' निर्धारित करता है। नागा विद्रोहियों से जुड़े परिधीय मुद्दों में 2013 में करबियों के साथ जातीय संघर्ष में एक अलग 'फ्रंटियर नागालैंड' राज्य और नागा रेंगमा हिल प्रोटेक्शन फोर्स (ठफ्ठढञ्झ) के लिए पूर्वी नागा पीपुल्स ऑर्गनाइजेशन (एठढड) की मांग शामिल है। अब क्या है स्थिति वर्तमान स्थिति जटिल और अनिश्चित है, प्रत्येक समूह अपने एजेंडे को मूर्त रूप से आगे बढ़ा रहा है। मार्च 2015 में ठरउठ (ड) ने एकतरफा रूप से सीज फायर को निरस्त कर दिया। इसके बाद कोहिमा, तुएंगसांग और मणिपुर में हिंसक घटनाएं शुरू हो गईं। एसएफ द्वारा की गई अन्य कार्रवाइयों ने नागालैंड में कई एनएससीएन (के) कैडरों को निष्प्रभावी कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप गुटों की युद्ध क्षमता में कमी आई। समूह बाद में म्यांमार में स्थानांतरित हो गया और यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ वेस्टर्न साउथ ईस्ट एशिया बनाने के लिए नेशनल डेमोक्रेटिक फेडरेशन ऑफ बोडोलैंड (र) / यूनाइटेड लिबरेशन फ्रण्ट ऑफ असम(क) में शामिल हो गए। 15 जून को सीमा पार छापे के बाद एनएससीएन (के) के शिविरों पर लगाम लगाया गया। इस प्रकार एक भौगोलिक बफर बनाया गया और एसएफ के खिलाफ हिंसक कार्रवाइयों को अंजाम देने की उनकी क्षमता कम हो गई। समूह के अध्यक्ष खापलांग की 20 जून, 2017 को मृत्यु हो गई और खापलांग की मृत्यु के बाद पश्चिमी नागा और एक भारतीय नागरिक खांगो कोन्याक को संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

रामचरितमानस सिर्फ धार्मिक ग्रंथ ही नहीं बल्कि जीवन दर्शन भी है

देश में अनेक राजनीति एवं गैर-राजनीतिक स्वार्थों से प्रेरित अराष्ट्रवादी एवं अराजक शक्तियां हैं जो अपने तथाकथित संकीर्ण एवं देश तोड़क बयानों से देश की एकता, शांति एवं अमन-चैन को छीनने के लिये तत्पर रहती हैं, ऐसी ही शक्तियों में शुमार बिहार के शिक्षा मंत्री श्री चन्द्रशेखर एवं समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिन्दू धर्म की आस्था को आहत करने वाले बयान दिये हैं, संत शिरोमणि तुलसीदास रचित रामचरितमानस की कुछ पंक्तियों को लेकर उन्होंने तथ्यहीन, घटिया, सिद्धान्तहीन एवं हास्यास्पद टिप्पणी करके धर्म-विशेष की आस्था को आहत करते हुए विवाद को जन्म दिया है। हालांकि सपा ने मौर्य की इस टिप्पणी से खुद को यह कहते हुए अलग कर लिया है कि यह उनकी व्यक्तिगत टिप्पणी थी। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तो यह है कि देश के प्रमुख राजनेता ने सच्चाई को जानते हुए जानबूझकर भड़काऊ एवं उन्मादी बयानों से देश की मिली-जुली संस्कृति को झुलसाने का काम किया है। मौर्य के ऐसे हिंसक एवं उन्मादी विचारों को क्या हिन्दू हाथ पर हाथ धरे देखते रहेंगे? क्यों ऐसे बयानों से देश की एकता एवं सर्वधर्म संस्कृति को तोड़ने की कुचेष्टाएं की जाती हैं? रामचरितमानस को पिछले करीब पांच सौ वर्षों में सम्पूर्ण भारत के करोड़ों लोग जिस श्रद्धा और प्रेम से पाठ करते रहे हैं, वह इसका दर्जा बहुत ऊंचा कर देता है। अब इस तरह इस अमर कृति का अनादर एवं बेवजह का विवाद खड़ा करना समझ से परे हैं। आखिर बहुसंख्य हिन्दू समाज कब तक सहिष्णु बन ऐसे हमलों को सहता रहेगा? कब तक ह्यसर्वधर्म समभावह्व के नाम पर बहुसंख्य समाज ऐसे अपमान के घूंट पीता रहेगा? राजनीतिक दलों में एक वर्ग-विशेष के प्रति बढ़ते धार्मिक उन्माद पर तुरन्त नियन्त्रण किये जाने की जरूरत है क्योंकि अभी यदि इसे नियंत्रित नहीं किया गया तो उसके भयंकर परिणाम हो

सकते हैं जिनसे राष्ट्रीय एकता को ही गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। रामचरितमानस हिन्दू धर्म के अनुयायियों का सर्वोच्च आस्था ग्रंथ है। करोड़ों लोग इस ग्रंथ का हर दिन स्वाध्याय करते हैं। मौर्य ने इस ग्रंथ को लेकर सरकार से दुर्भाग्यपूर्ण एवं हास्यास्पद यह मांग कर दी है कि इस रचना में से कुछ पंक्तियों को हटा दिया जाए या फिर यह पूरी रचना को ही पाबंद कर दिया जाये। यह मांग बताती है कि कोई बहस विवेक के धागे से बंधी न रहे तो वह किस हास्यास्पद स्थिति तक पहुंच सकती है। भले ही यह विवाद बिहार के शिक्षा मंत्री और आरजेडी नेता चंद्रशेखर के इस बयान से शुरू हुआ कि रामचरितमानस के कुछ दोहे समाज के कुछ खास तबकों के खिलाफ हैं। देखा जाए तो रामचरितमानस के कई दोहों पर बहस बहुत पहले से चली आ रही है। उनमें से कुछ को दलित विरोधी बताया जाता है तो कुछ को स्त्री विरोधी। इसके पक्ष-विपक्ष में लंबी-चौड़ी दलीलें दी जाती रही हैं। लेकिन सैंकड़ों वर्षों से घर-घर में मन्दिर की भाँति पूजनीय यह कोरा ग्रंथ नहीं है बल्कि एक सम्पूर्ण जीवनशैली है। संस्कारों एवं मूल्यों की पाठशाला है। रामचरितमानस में भले रामकथा हो, किन्तु कवि का मूल उद्देश्य श्रीराम के चरित्र के माध्यम से नैतिकता एवं सदाचार की शिक्षा देना रहा है। रामचरितमानस भारतीय संस्कृति का वाहक महाकाव्य ही नहीं अपितु विश्वजनीन आचारशास्त्र का बोधक महान ग्रन्थ भी है। यह मानव धर्म के सिद्धान्तों के प्रयोगात्मक पक्ष का आदर्श रूप प्रस्तुत करने वाला ग्रन्थ है। रामचरित मानस हिंदुओं के लिए सिर्फ धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन दर्शन है और संस्कारों से जुड़ा हुआ है। मानस कोई पुस्तक नहीं, बल्कि मनुष्य के चरित्र निर्माण का विश्वविद्यालय है और लोगों के कार्य व्यवहार में इसे स्पष्टता से देखा जा सकता है। यह मानने की बात नहीं कि स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने जीवन में मानस की चौपाइयों और दोहों का पाठ न किया हो। इसलिए कहा जा सकता है कि राजनीति में इस समय हाशिये पर चल रहे मौर्य ने चर्चा में रहने के लिए एक बेवजह का विवाद खड़ा किया है। राजनीतिक लाभ के लिए जनभावनाओं का अपमान एवं तिरस्कार करना किसी भी कोण से उचित नहीं। इसीलिए मौर्य का प्रबल विरोध भी हो रहा है। उनकी पार्टी के ही लोग उनके विचारों से सहमत नहीं हैं। भारतीय राजनीति का यह दुर्भाग्य रहा है कि उससे जुड़े राजनेता अक्सर विवादित बयानों से अपनी राजनीति चमकाने की कुचेष्टा करते रहे हैं। लेकिन समझदार एवं अनुभवी राजनेता धार्मिक आस्थाओं पर चोट करने से बचते रहे हैं। मौर्य ने रामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी कर न सिर्फ अपनी अपरिपक्व राजनीतिक सोच का परिचय दिया है बल्कि करोड़ों हिंदुओं की भावनाओं को आहत किया है। बल्कि अपने सनातन संस्कारों को भी तिरस्कृत किया है। यह विडम्बना है कि राजनेता इस बात की कतई परवाह नहीं करते कि उनके शब्दों का जनमानस पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

भारतीय राजनीति का यह दुर्भाग्य रहा है कि उससे जुड़े राजनेता अक्सर विवादित बयानों से अपनी राजनीति चमकाने की कुचेष्टा करते रहे हैं। लेकिन समझदार एवं अनुभवी राजनेता धार्मिक आस्थाओं पर चोट करने से बचते रहे हैं।

गणतंत्र दिवस परेड में दिखा बदलते भारत का नया अंदाज

सरकार के मनचाहे जायज एवं नाजायज निर्णयों पर अंकुश स्वस्थ एवं पाददर्शी शासन एवं प्रशासन की अपेक्षा है। नियंत्रण एवं अनुशासन की इन्हीं अपेक्षित स्थितियों को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार विवाद खड़े करती है।

राष्ट्रीय गौरव के अवसर गणतंत्र दिवस पर गणतंत्र दिवस परेड भारत की ताकत को पूरी दुनिया के सामने रखने का एक बड़ा अवसर होता है और इस बार परेड में पूरी दुनिया ने कर्त्तव्य पथ पर भारत की लगातार बढ़ती ताकत को देखा। गणतंत्र दिवस परेड में आयोजित किए गए रंगारंग कार्यक्रमों के अलावा देश की संस्कृति और परम्पराओं को प्रदर्शित करने के लिए निकाली गई झांकियों तथा पूरे विश्व को भारत की ताकत दिखाने के लिए तीनों सेनाओं के जवानों द्वारा किए गए अनोखे करतबों ने हर किसी का मोह लिया। सही मायनों में इस वर्ष परेड में कर्त्तव्य पथ पर देश की सांस्कृतिक विरासत और सैन्य शक्ति की झलक स्पष्ट दिखाई दी। हालांकि इस वर्ष भी परेड के दौरान होने वाले आयोजनों में कुछ बदलाव किए गए थे। देश की आजादी के बाद लगातार दूसरी बार ऐसा हुआ, जब परेड 10 बजे के निर्धारित समय के बजाय आधे घंटे देरी से शुरू हुई। गणतंत्र दिवस परेड में पहले जहां सवा लाख लोग परेड देखने पहुंचते थे, वहीं इस बार दर्शकों की संख्या काफी कम कर दी गई थी और साथ ही वीआईपी आमंत्रण पास की संख्या में भी भारी कटौती की गई थी। हालांकि कोविड काल में केवल 25 हजार लोगों को ही आमंत्रित किया गया था लेकिन इस बार कर्त्तव्य पथ पर भव्य गणतंत्र दिवस परेड देखने के लिए 45 हजार दर्शकों की ही अनुमति थी। वीआईपी मेहमानों की संख्या भी 12 हजार तक सीमित कर दी गई थी।

परेड में सेना की मार्चिंग टुकड़ियों से लेकर टैंक, तोप और बैंड के अलावा वायुसेना के फ्लाईपास्ट ने इस आकर्षण में चार चांद लगा दिए। कई विमानों के फ्लाईपास्ट के दौरान भारत के लड़ाकू विमानों का शौर्य पूरी दुनिया को देखने को मिला। कर्त्तव्य पथ पर देश की प्रगति और संस्कृति को दशार्ती सांस्कृतिक झांकियां भी बदलते भारत के नए अंदाज और अहसास का अनुभव कराती नजर आई। गणतंत्र दिवस परेड के दौरान इस बार तीनों सेनाओं के कुल 75 एयरक्राफ्ट ने कर्त्तव्य पथ पर अपनी ताकत दिखाई, जिनमें फ्रांस से आया राफेल भी सम्मिलित था।

इन 50 एयरक्राफ्ट में वायुसेना के 45, नौसेना का 1 और थलसेना के 4 एयरक्राफ्ट शामिल थे, जिनमें 23 फाइटर जेट, 18 हेलीकॉप्टर, 8 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट विमान के अलावा नौसेना का सबसे पुराना टोही विमान आईएल-38 भी था। गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार भारतीय वायुसेना की गरुड़ स्पेशल फोर्स ने भी हिस्सा लिया। कर्त्तव्य पथ पर डेयरडेविल्स ने तो अपने हैरतअंगेज प्रदर्शनों से हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बाइक पर डेयरडेविल्स ने कमाल के स्टंट दिखाए और इस दौरान वे बाइक पर योग की मुद्राएं करते भी दिखाई दिए। गणतंत्र दिवस परेड ने इस बार देश की सैन्य शक्ति और सांस्कृतिक विविधता के अनूठे मिश्रण के साथ भारत की बढ़ती स्वदेशी क्षमताओं, नारी शक्ति और ह्यन्यू इंडियाह्व के उद्भव का विलक्षण प्रदर्शन किया। कुल मिलाकर देखा जाए तो इस बार कर्त्तव्य पथ पर बुलंद भारत की बुलंद तस्वीर स्पष्ट रूप से दिखाई दी। पहले जहां गणतंत्र दिवस समारोह में ब्रिटिश 25 पाउंडर गन से 21 तोपों से सलामी दी जाती थी, वहीं इस वर्ष पहली बार 21 तोपों की सलामी 105 एमएम की भारतीय फील्ड गन से दी गई। यह नया बदलाव रक्षा क्षेत्र में बढ़ती भारतीय आत्मनिर्भरता को प्रदर्शित करता है। दरअसल राष्ट्रगान के पूरे 52 सैकेंड के समय को कवर करने के लिए प्रत्येक 2.25 सैकेंड पर तीन राउंड में सात तोपें दागी जाती हैं, इसे ही 21 तोपों की सलामी कहा जाता है। 21 तोपों की सलामी हमारे राष्ट्रपति तथा अतिथि राष्ट्राध्यक्षों को दिया जाने वाला सबसे बड़ा सम्मान माना जाता है। परेड के दौरान भारतीय सेना द्वारा अपने अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें तीन अर्जुन-मार्क वन टैंक, एक नाग मिसाइल सिस्टम, के9 वज्र-टी स्वचालित गन सिस्टम, दो बीएमपी, एक ब्रह्मोस मिसाइल, दो 10 मीटर के शॉर्ट स्पैन ब्रिज, एक मोबाइल माइक्रोवेव नोड और मोबाइल नेटवर्क सेंटर, दो आकाश मिसाइल सिस्टम इत्यादि शामिल थे। परेड के दौरान राफेल और सुखोई सहित वायुसेना के लड़ाकू विमानों के आकाशीय करतबों के साथ कर्त्तव्य पथ के आसमान पर आईएल-38 पहली और आखिरी बार अपना जौहर दिखाया, जिसे इस वर्ष के आखिर में रिटायर कर दिया जाएगा। यह विमान नौसेना में अपनी 42 वर्ष की सेवा में पहली बार कर्त्तव्य पथ पर उड़ान भरता दिखाई दिया। यह एक टोही विमान है, जो पिछले 42 वर्षों से समुद्र में दुश्मन के हर मूवमेंट की जानकारी देने के साथ राहत कार्यों को भी बेहतर तरीके से अंजाम देता आया है। गणतंत्र दिवस परेड का शो स्टॉपर दुनिया का सबसे ताकतवर लड़ाकू विमान राफेल रहा, जो कि परेड के आखिर में उड़ान भरते हुए मंच के सामने से वर्टिकल चार्ली ड्रिल को अंजाम देता नजर आया। वायुसेना के फ्लाईपास्ट में अलग-अलग फाइटर प्लेन करतब दिखाते हुए हर बार अलग-अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरते हैं और हर फॉर्मेशन का एक अलग नाम होता है। इस बार अलग-अलग फॉर्मेशन में कुल 9 राफेल विमानों ने परेड में हिस्सा लिया और हमेशा की तरह फ्लाईपास्ट को दो हिस्सों में बांटा गया। पहले भाग में ह्यप्रचंडह्व ने विभिन्न संरचनाओं को प्रदर्शित किया, जिसके बाद विमान तिरंगा, ध्वज, रुद्र और बाज फार्मेशन में अपना प्रदर्शन दिखाया। उसके बाद तंगेल, वजरांग, गरुड़, नेत्रा, भीम, अमृत, त्रिशूल और विजय इत्यादि विभिन्न संरचनाओं को प्रदर्शित करते नजर आए। पहले हिस्से में ध्वज फॉर्मेशन में 4 एमआई-17 1वी/ वी5 हेलीकॉप्टरों ने भारतीय ध्वज और तीनों सेना के ध्वज लेकर सुप्रीम कमांडर के सामने से उड़ान भरते हुए उन्हें सैल्यूट किया। तत्पश्चात डायमंड फॉर्मेशन में उड़ान भरते हुए थलसेना के अटैक हेलीकॉप्टर ने डायस के सामने से उड़ान भरी और फिर 3 मिग-29 विमानों ने बाज विंग फॉर्मेशन में फ्लाई किया। दूसरे चरण के फ्लाई पास्ट की शुरूआत स्वदेशी लाइट कॉम्बेट हेलीकॉप्टर प्रचंड की अगुवाई में दो अपाचे और दो एएलएच मार्क 4 के एरो फॉर्मेशन में उड़ान भरते हुए हुई। उसके बाद सारंग फॉर्मेशन में 5 एएलएच सारंग हेलीकॉप्टर ट्राई कलर छोड़ते हुए कर्त्तव्य पथ के ऊपर से गुजरे। तंगेल फॉर्मेशन में विंटेज एयरक्राफ्ट डकोटा और 2 डोर्नियर विमान, वजरांग फॉर्मेशन में 1 सी-130 और 4 राफेल, गरुड़ फॉर्मेशन में नौसेना के आईएल-38 और 2 एएन 32, नेत्रा फॉर्मेशन में 1 अवाक्स और 4 राफेल, भीम फॉर्मेशन में 1 सी-17 और 2 सुखोई-30, अमृत फॉर्मेशन में 6 जगुआर ने उड़ान भरी। इसके बाद 3 सुखोई-30 त्रिशूल फॉर्मेशन बनाते हुए आसमान में गायब हो गए और फिर फ्लाईपास्ट के शो स्टॉपर राफेल द्वारा वर्टिकल चार्ली बनाते हुए परेड का समापन हुआ। कुल मिलाकर गणतंत्र दिवस समारोह में परेड के दौरान कर्त्तव्य पथ पर भारत की सैन्य ताकत के साथ-साथ देश की सांस्कृतिक झलक भी दिखाई दी।

नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने के लिए नगर परिषद के सभा कक्ष किया गया क्राइसिस मीटिंग का आयोजन

नगर मुंगावली को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने एवं नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु नगर परिषद के सभा कक्ष में शनिवार को नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमति नीतू नरेश ग्वाल की अध्यक्षता में क्राइसिस मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी श्री रवि मालवीय जी नगर परिषद सीएमओ विनोद उन्नितान थाना प्रभारी प्रदीप सोनी उपस्थित रहे क्राइसिस मीटिंग में कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं नगर को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं नगर को व्यवस्थित करने पर भी चर्चा की गई जिसमें यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने पर भी विचार किया गया। क्राइसिस मीटिंग में नगर के समस्त मुख्य मार्गों गलियों चौराहों आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई जिसमें चारों तरफ अतिक्रमण को हटाये जाने की बात रखी गई जिससे लोगों को आने जाने में एवं यातायात व्यवस्था में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है मुख्य मार्गों पर बार-बार लंबे समय तक वाहनों का जाम लग जाता

है जिससे यातायात में काफी असुविधा उत्पन्न होती है दुकानों के आगे लोगों ने बाहर सामान रखकर एवं पक्के निर्माण कराकर अतिक्रमण किया हुआ है जिसे हटाये जाने के निर्देश दिए गए यातायात में नगर के जय स्तंभ चौराहे पर पोस्ट ऑफिस चौराहा चंदेरी रोड स्टेशन रोड आदि पर यातायात में काफी असुविधा उत्पन्न होती है जिस कारण बाईपास आदि के माध्यम से नगर में वाहनों को डायवर्ड करने की बात मीटिंग में रखी गई साथ ही बड़े वाहनों को सिटी के अंदर सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। एवं बाईपास से निकाले जाने की बात रखी गई। ऑटो चालकों को मलखावनी बावड़ी पर खड़े करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नगर में नाबालिग बच्चों के द्वारा तेड़ रड़ूतार में मोटरसाइकिल वाहन चलाते देखा जा रहा है जो कि प्रतिबंधित है इस पर भी विचार रखते हुए कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया जिस पर समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सहमति प्रस्तुत की गई है बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति नीतू नरेश गवाल जी उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मनीष मोदी जी समस्त पार्षदगण जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

थाना मौ पुलिस ने 5000/- रुपये के फरार ईनामी आरोपी को किया गिरफ्तार थाना मौ जिला भिण्ड द्वारा अवैध एक

315 बोर का कट्टा व एक जिन्दा राउण्ड सहित आरोपी गिरफ्तार

पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर मौ डॉ बेताल सिंह गौड़

पुलिस अधीक्षक महोदय भिण्ड श्री शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देशन मे चलाये जा रहे गम्भी अपराधो में फरार आरोपियो की धरपकड़ कार्यवाही के तहत दिनांक 27/01/2023 को थाना मौ पुलिस ने श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिंण्ड श्री कमलेश कुमार खरपुसे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गोहद श्री सौरभ कुमार के मार्ग दर्शन में आरोपियों की तलाश करते हुये मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति गल्ला मण्डी मौ के पास अवैध हथियार लेकर बारदात करने की नियत से खड़ा है तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये गये स्थान गल्ला मण्डी मौ गेट के सामने पहुचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेरा बन्दी करके पकडा जिसकी तलाशी ली तो कमर मे बायी तरफ एक 315 बोर का कट्टा खुरसे मिला तथा उसके चेम्बर मे एक 315 बोर के जिन्दा राउण्ड लगा मिला जिसके सम्बन्ध मे कोई वैध दस्तावेज न होने से मौके पर समक्ष पंचान विधिवत जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार कर मौके पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 26/2023 धारा 25/ 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना मे लिया गया एवं आरोपी को जे. आर पर माननीय न्यायालय गोहद पेश किया गया।उक्त गिरफ्तारसुदा आरोपी के विरुद्ध थाना मौ मे पूर्व मे भी (1) अपराध क्रमांक 159/2015 धारा 323,325,504,34 भादवि (2) अपराध क्रमांक-222/2017 धारा 323,294,506,34 भादवि (3) अपराध क्रमांक 143/ 2019 धारा 457,380 भादवि (4) अपराध क्रमांक 293/2020 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट 411 भादवि (5) अपराध क्रमांक 303/2021 धारा 341,354,294,506 भादवि 3(1)(2)(द्व)3(2)(1ड्ड) एससीएसटी एक्ट (6) अपराध क्रमांक 47/2022 धारा 323,294,506,34 भादवि 3 (1) द 3 (1) ध 3 (2) (1ड्ड) एससीएसटी एक्ट (7) अपराध क्रमांक 58/2022

धारा 307,294,34 भादवि तथा थाना गोहद चौराहा मे अपराध क्रमांक 241/2018 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट तथा थाना डबरा देहात मे अपराध क्रमांक 24/2020 धारा 379 भादवि तथा थाना बेहट जिला ग्वालियर मे अपराध क्रमांक 31/2022 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट व अपराध क्रमांक 97/2022 धारा 457,380 भादवि के पंजीबद्ध है। । उक्त आरोपी की गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अपने आदेश क्रमांक / पु0अ0/ भिण्ड सीआईडीएडी / ईनाम /15/2022 दिनांक 29/04/2022 के द्वारा 5000/- रुपये की ईनाम घोषित की गई थी। पुलिस टीम उक्त सराहनीय कार्य मे पुलिस थाना मौ के निरीक्षक सुधीर सिंह कुशवाह, प्र. आर 398 इरशाद अली, आर 1048 धर्मेन्द्र सिंह तोमर, आर 1091 जहीर मोहम्मद, आर 930 ओमबीर सिंह , वीरसिंह कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही है।

शिवाजी पब्लिक स्कूल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक संपन्न

स्कूल संचालकों ने आपसी विचार विमर्श किया

पुष्पांजली टूडे मालनपुर

मालनपुर/ मालनपुर के समीप शिवाजी पब्लिक स्कूल में प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई जिसमें मालनपुर क्षेत्र के आसपास संचालित स्कूल संचालक उपस्थित हुए शिवाजी पब्लिक स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू ने स्कूल संचालकों से

चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा प्राइवेट स्कूलों के लिए नए नए नियम बनाए जा रहे हैं जिससे स्कूल चलाने में समस्या उत्पन्न हो रही है उन्होंने सभी से कहा कि आपसी मतभेद बुलाकर हम सभी लोगों को एकजुट होना होगा और स्कूल चलाने में आ रही समस्याओं को लेकर सभी को लड़ाई लड़नी होगीद्य न्यू द चिल्ड्रन स्कूल के संचालक एवं मालनपुर क्षेत्र के संगठन अध्यक्ष प्रदीप पवैया ने भी अपने विचार रखे और कहा कि अधिक से अधिक स्कूल संचालकों को जोड़कर संगठन को मजबूत करेंगे और प्राइवेट स्कूल संचालकों की आवाज उठाएंगे और सभी लोग एकजुट होकर काम करेंगे इस अवसर पर राम प्रकाश बंसल संचालक दुर्गा पब्लिक स्कूल, कुशल जैन वाणी भारती स्कूल, मनोज शर्मा संचालक ब्रज पब्लिक स्कूल, सुरेंद्र सिंह कुशवाहा संचालक द ग्लोरियस स्कूल, अरविंद सिंह सेंगर संचालक रुकमणी मेमोरियल हायर सेकेंडरी स्कूल, पंकज शर्मा संचालक सुपर किटस स्कूल इत्यादि स्कूल संचालकों ने बैठक में हिस्सा लिया

गुरु कप 2023 सीजन वन का हुआ समापन

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। आगामी 21 जनवरी से शुरू हुये गुरु कप 2023 सीजन वन के तत्वाधान में राज्य स्तरीय टूर्नामेंट स्थानीय गवर्नमेंट ग्राउंड पर क्रिकेट मैच का फाइनल शनिवार को हुआ जिसमें स्टार इलेवन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया और गुरु क्लब को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। गुरु क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुये अपनी पहले बल्लेबाजी में 12 ओवर में 5 विकेट होकर 164 रन का लक्ष्य स्टार इलेवन को दिया जिसके जवाव में स्टार इलेवन कि पूरी टीम 99 पर ऑल आउट हो गयी और इस टूर्नामेंट पर अपना कब्जा जमाया।गुरु कप द्वारा कराये जा रहे इस टूर्नामेंट कि विजेता राशि 55555 और उपविजेता राशि 22222 कमेटी के द्वारा टीमों के लिए रखी गयी थी जिसे विजेता गुरु क्लब ने अपने नाम किया तो वही उपविजेता रही स्टार इलेवन को दूसरी विजेता राशि दी गयी।इस टूर्नामेंट में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाडी को मेंन ऑफ मैच के रूप में एलईडी टीवी प्रदान कि गयी।इस निर्णायक मैच के अम्पायर के रूप में मेक्सवेल, डी के, विक्की बुंदेला, विक्की यादव, ,इरान खान का विशेष सहयोग रहा एवं टूर्नामेंट में कमेंट्री के रूप में वकील कुरैशी, भानु पटेल, गोपाल पटेल, डॉ समीम खान का सराहनीय योगदान रहा। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर दुर्गेश यादव,प्रदीप यादव,नीलेश सिंह, चेतन गुरु, नियाज कुरैशी, के साथ गुरु क्लब के साथियों सहित शहर के हजारों दर्शकों का विशेष सहयोग रहा।

भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल की बूथ स्तरीय और शक्ति केंद्र की बैठक संपन्न

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल की बूथ स्तरीय और शक्ति केंद्र की बैठक जितेंद्र राठौर के आवास मै सम्पन्न हुई जिसमें मंचसीन अतिथि मै भाजपा नेता मोंटी रैकवार, नगर महामंत्री राजेंद्र चौरसिया, पार्षद यशपाल ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि धीरज घारू मौजूद रहें। सर्व प्रथम भाजपा के पितृ पुरूषों के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में पार्षद यशपाल ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ के अध्यक्ष के प्रवास कार्यक्रम से शासन की योजनाओं को आम बूथ तक ले जा सकते हैं, कार्यकर्ताओं को प्रवास के कार्यक्रम लगातार करते रहना चाहिए। दीनदयाल मंडल के नगर महामंत्री राजेंद्र चौरसिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात को हर बूथ पर हमें जनता के बीच में सुनना है, जनता तक भाजपा सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का कार्य करें। भाजपा नेता मोंटी रैकवार कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पहले राष्ट्रीय कार्यसमिति फिर प्रदेश कार्यसमिति फिर जिला कार्य समिति फिर मंडल और बूथ समिति की बैठक होती है। ज़मीनी स्तर पर कार्य करने में भाजपा दुनिया का सबसे बड़ा संगठन है। हमारे लिए गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े संगठन भाजपा के कार्यकर्ता हैं। मोंटी रैकवार ने 5 तारीख को संत रविदास जी की जयंती को भव्य रूप से मनाना है । और उसी दिन से मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा विकास यात्रा प्रारम्भ होगी जो 25 फरवरी तक चलेगी बूथ अध्यक्ष एवं नगर केंद्र संयोजक से संगठन ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड करके संगठन के कार्य का विस्तार करें, यह चुनावी वर्ष है हमें हर हाल में अपने बूथ को मजबूत करना है। यदि हमने अपना बूथ मजबूत कर लिया तो निश्चित रूप से 2023 में मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनेंगी।बैठक का सफल संचालन सद्दाम खान और आभार जितेंद्र राठौर के द्वारा व्यक्त किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से भाजपा नेता मोंटी रैकवार, राजेंद्र चौरसिया, पार्षद यशपाल ठाकुर,धीरज घारू, सद्दाम खान, महेश शांडिल्य, जितेन्द्र राठौर,देवल कोरी,काजी शाहिद खान, मंजू चौहान,शहजाद कुरैशी,देवी सिंह,बफाती ख़ान, आकाश सप्रे, जावेद खान, अंकित साहू, संतोष कुमार, शंकर लाल बर्मन, टेकचंद चक्रवर्ती,सोनू खान, बंटी खान सहित प्रमुख कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

इमलिया सेक्टर की बैठक सम्पन्न

रीतेश अवस्थी

पुष्पांजली टुडे

दमोह।ो सेक्टर इमलिया मै सेक्टर की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समस्त प्रस्फुटन समिति के अध्यक्षों एवं सचिव की अध्यक्षता में बैठक की गई।जिसमें नंवाकुर संस्था की अध्यक्ष बबली विश्वकर्मा ने बताया कि शिक्षा पर्यावरण स्वास्थ्य और ऊर्जा संरक्षण के विषयों पर चर्चा की गई।ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति महुआ खेडा को आदर्श ग्राम बनाने के लिए बात रखी गयी जिसमें सभी ने महुआखेडा को आदर्श ग्राम पर सहमति जताई। इस अवसर पर विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष भैयन सिंह, रामग? के अध्यक्ष उमेद सिंह सगोरिया,अध्यक्ष दशरथ सिंह,मनका अध्यक्ष ओमकार यादव,एवं मदन सिंह, मोहन विश्वकर्मा, राजाराम सिंह आदि सभी की सदस्यों कि उपस्थिति रहीं।

शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

पुष्पांजलि टुडे से सत्येंद्र कुमार प्रजापति की खबर

पन्ना- पन्ना जिले के देवेंद्र नगर क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद देवेंद्र नगर में संचालित सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों द्वारा नगर परिषद देवेंद्र नगर के नेतृत्व में शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल देवेंद्र नगर मैदान में सामूहिक गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम किया गया जिसमें देवेंद्र नगर में संचालित मिलेनियम पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर मॉडल पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर, महारानी लक्ष्मीबाई पब्लिक स्कूल देवेंद्रनगर ,सरस्वती शिशु मंदिर देवेंद्रनगर, सरस्वती संगम पूर्व माध्यमिक विद्यालय देवेंद्रनगर के द्वारा अशासकीय विद्यालयों में एवं शासकीय विद्यालयों ने बढ़-चढ़कर सांस्कृतिक / शारीरिक कार्यक्रमों में भाग लिया एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं को नगर परिषद देवेंद्र नगर द्वारा पुरस्कार प्रदान कर विद्यालय के छात्र छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाया 7 कार्यक्रम का संचालन नगर परिषद देवेंद्र नगर द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद देवेंद्र नगर अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता द्वारा किया गया नगर अध्यक्ष द्वारा नगर में सम्मानित अतिथियों कोरोनावायरस एवं उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग से डॉ अभिषेक जैन द्वारा छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम सफल रुप से संपन्न कराया गया जिसमें देवेंद्र नगर तहसील से तहसीलदार महोदय श्रीमती ममता मिश्रा नगर परिषद अधिकारी श्री दिनेश जड़िया एवं पुलिस प्रशासन से श्री शक्ति पांडे जी का सराहनीय योगदान रहा कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं विद्यालय का समस्त स्टाफ नगर के समस्त नगर वासी एवं क्षेत्र के समस्त पत्रकार साथियों का भी बहुत ही सराहनीय कार्य किया गया7

विरागोदय महामहोत्सव संबंधी बैठक हुई आयोजित

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। पथरिया नगर में निर्मित विरागोदय तीर्थ में आयोजित महामहोत्सव के विषय में आवश्यक बैठक का आयोजन श्री पारसनाथ दिगंबर जैन ब? मंदिर गणाचार्य श्री विराग सागर जी एवं आचार्य विनिश्चय सागर एवं जनसंत विरंजन सागर जी के सानिध्यता में हुई जिसमें पूर्व मंत्री जयंत मलैया भी उपस्थित रहे।महोत्सव के लिए बनी हुई सभी समितियों से सेवाओ संबंधी जानकारी हेतु सभी संयोजकों एवं उपसंयोजको से बैठक का संचालन कर रहे मेडिटेशन गुरु मुनि श्री 108 विहसन्त सागर जी ने सभी विभागों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिसमे मुनि श्री ने बताया 200 पुलिस विभाग से सुरक्षा कर्मियों के साथ 50 निजी सुरक्षा गार्ड, अस्थाई मेडिकल कैंप, 150 कैमरा के माध्यम से सुरक्षा की चाक चौबंद व्यवस्था रहेगी। साथ ही पाँच भोजनशाला रहेंगी। 2000 हजार से अधिक पात्रों के साथ विश्व कल्याण महायज्ञ होगा। कार्यक्रम में प्रथम दिवस लोक निर्माण विभाग मंत्री गोपाल भार्गव सम्मिलित होंगे। मीडिया प्रभारी रोहित जैन ने बताया राष्ट्रीय स्तर का कवि सम्मेलन, पत्रकार सम्मेलन, प्रतिभा सम्मान, विद्वान संगोष्ठी,राष्ट्रीय स्तर के गायक रूपेश जैन समेत अनेक बाहर के कलाकारों के साथ अनेको आयोजन होंगे। साथ ही 5 तारीख से 10 तारीख तक हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा एवं श्रद्धालुओं को भी हवाई यात्रा की निशुल्क व्यवस्था भी मिलेगी

पाली ग्राम में कांग्रेस की गांधी चौपाल

पीसीसी मेंबर श्रीकांत पप्पू दीक्षित ने स्कूली छात्र छात्राओं को बांटें गर्म कपड़े

संभागीय ब्यूरो गौरी शंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर

पन्ना - जनपद पंचायत पन्ना के पाली ग्राम में आज शनिवार को पीसीसी मेंबर कांग्रेस नेता श्रीकांत पप्पू दीक्षित ने पहुंचकर ग्राम वासियों के बीच गांधी चौपाल लगाई व ठंड से बचाव के लिए रहुनिया ग्राम पंचायत अंतर्गत आने वाले पाली ग्राम के शासकीय माध्यमिक शाला में अध्ययनरत सभी बच्चों को अपनी ओर से गर्म कपड़े वितरित किए जंगल से घिरे सड़क विहीन इस गांव के छोटे-छोटे बच्चे कपड़े पाकर बहुत खुश नजर आए। गांधी चौपाल मैं गांव वासियों ने श्रीकांत पप्पू दीक्षित सहित पहुंचे सभी कांग्रेस पार्टी के नेताओं का माला पहनाकर स्वागत किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक इंदर सिंह द्वारा की गई । इस अवसर पर श्री दीक्षित ने कहा कि आपके गांव तक आने के लिए सड़क मार्ग ना होना निश्चित तौर पर बहुत बड़ी परेशानी है बरसात के दिनों में यहां के लोगों को कितनी बड़ी समस्या झेलनी पड़ती होगी यह अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस गांव का विकास हो इसके लिए हम पूरी तरह से संघर्ष करेंगे उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे जो शिक्षा के प्रति उत्साहित दिख रहे हैं वह आगे की पढ़ाई करके शिक्षित हो उसके लिए भी हम सबको मिलकर अभी से चिंता करनी होगी। कांग्रेस नेता श्री दीक्षित ने कहा कि 13 फरवरी को अजयगढ़ में मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ का आगमन हो रहा है यहां से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पहुंचे यही मेरा आग्रह है।प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर मिश्रा जिला उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा, शिव प्रकाश दीक्षित पार्षद वेदनारायण रैकवार पम्मी अरजरिया पूर्व पार्षद भोले कुशवाहा सुनील अवस्थी लक्ष्मीपुर सरपंच प्रतिनिधि अरविंद राय अरुण कुमार पटेरिया शशि राज मिश्रा मुन्ना कुशवाहा चंदन सिंह दिनेश रैकवार हीरालाल रमेश कुमार कौंदर असेद्र बिजवार रामू कौंदर सुरेंद्र कौंदर सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

शासकीय हाई स्कूल गुखौर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही भरमार

पुष्पांजलि टुडे से सत्येंद्र कुमार प्रजापति की खबर

पन्ना जिले के शासकीय हाई स्कूल को गुखौर में गणतंत्र दिवस में ग्राम पंचायत के सरपंच श्री मौजीलाल चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों को संपन्न कराया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई कार्यक्रम में व्यवस्थापक के रूप में श्री कृष्ण कुमार शुक्ला एवं मंच का संचालन श्री शैलेंद्र कुमार जैन एवं ग्राम वासियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सराहनीय योगदान किया गया एवं पुरस्कार वितरित किए गए कार्यक्रम संचालन में विद्यालय के प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद पटेल, शिक्षक श्री पुष्पेंद्र कुमार गौतम, सत्येंद्र कुमार प्रजापति, मुकेश कुमार पांडे, प्रज्योत मिश्रा की पूर्ण सहयोग रहा है 7

रिक्शा मजदूर यूनियन ने 74वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष उल्लास से मनाया

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजली टुडे

दमोह। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हिन्द मजदूर सभा के नेतृत्व में रिक्शा मजदूर यूनियन ने 74वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्ष उल्लास के साथ मनाया।ध्वजारोहण का कार्यक्रम स्थानीय दमोह बस स्टेण्ड पर सम्पन्न हुआ। रिक्शा मजदूर यूनियन के प्रमुख जीवनलाल भारती द्वारा कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक वरिष्ठ अधिवक्ता गजेन्द्र चौबे, आलोक श्रीवास्तव, रमेश शुक्ला, युवा अधिवक्ता समाज सेवी नितिन मिश्रा, हिन्द मजदूर सभा के प्रमुख पं.वनमाली चौरहा को आमंत्रित किया। कार्यक्रम के मुख अतिथि गजेन्द्र चौबे, अध्यक्षता युवा अधिवक्ता नितिन मिश्रा ने की।

कथा वाचक किशोरी वैष्णवी के मुखारबिन्द से कथा का आनंद लेते भक्त

रीतेश अवस्थी
पुष्पांजलि टुडे

दमोह। कथा वाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा ऐसे बनी रहे है जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे। शनिवार को कथा में नारद जी के पूर्व जन्म की कथा एवं व्यास जी द्वारा भागवत बनाना अमरकथा और शुकदेव जी के जन्म का वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में यह भी बताया कि अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं,कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए। कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी। मनुष्य का जीवन सांसारिक भोग में नहीं कृष्णभक्ति में बताएं। मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है। लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है।उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है।मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत

है।उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में ऋष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बड़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है.भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव कल्याण करती है।भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं।जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है, भागवत उसका सदैव कल्याण करती है. उन्होंने कहा कि बिना जाति और बिना मजहब देखे इनसे आप जो मांगे यह आपको वो मनवांछित फल देती है और अगर कोई कुछ न मांगे तो उसे मोक्ष पर्यंत तक की यात्रा कराती है।संस्कार भवन में चल रही भागवत कथा में असाटी समाज दमोह ने सभी से कथा श्रवण करने की अपील की है। मुख्य रूप से यजमान श्रीमती राधारानी डालचंद असाटी जबलपुर नाका, श्रीमती मुन्नी खेमचंद्र असाटी जबलपुर नाका (गुंजी वाले रिटायर्ड शिक्षक), कुसुम विष्णु प्रसाद असाटी शोभा नगर, आशा स्वर्गीय नाथूराम नायक असाटी वार्ड 1, श्रीमती सरोज रमेश (सुंदरलाल) असाटी वार्ड 1, मधु स्वर्गीय मदन असाटी असाटी वार्ड नंबर 1, विद्या स्व. राम प्रसाद असाटी असाटी वार्ड 1, सुनीता स्वर्गीय पंचम लाल इंदिरा कॉलोनी, ममता रामेश्वर असाटी इमलाई, सुमन स्वर्गीय मदनलाल असाटी इमलाई, श्रीमती प्रभा स्वर्गीय माधव प्रसाद असाटी के अलावा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं कि उपस्थिति रही।

भ्रष्ट्राचार की भेंट चढ़ी कांकर पंचायत में बन रही सीसी रोड

अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है भ्रष्टाचार

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले की जनपद पंचायत शिवपुरी के ग्राम पंचायत काकर में सरपंच द्वारा एक सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा है जो पूरी तरह से भ्रष्टाचार से लिप्त दिखाई दे रही है मौके पर पहुंचे मीडिया के साथी जिन्होंने देखा कि सी सी रोड में जो मटेरियल इस्तेमाल किया जा रहा है वह अत्यधिक गुणवत्ता हीन मटेरियल है जिसमें सीमेंट के कट्टे इस्तेमाल किये जा रहीं है वह सीमेंट किसी भी कंपनी की नहीं है उन काटो पर किसी भी कंपनी का ब्रांड नही छपा था और देशी कट्टों मैं सीमेंट भरी हुई रखी थी जिस पर किसी भी कंपनी का नाम नही लिखा था रॉड का निर्माण करा रहे सरपंच पुत्र से जब पूछा गया तो उसने बताया कि इस सीमेंट किसी को हमने ट्रक बालो से सस्ते में ली हैं जिसका इस्तेमाल रो? के निर्माण मैं किया जा रहा हैं जिससे हमको ज्यादा बचत हो सके पूरी घटना का वीडियो और सबूतों के साथ में जनपद सीईओ वाजपेई जी को अवगत कराया गया लेकिन अभी तक उन्होंने इस मामले में किसी पर कोई कार्यवाही या कोई जांच नहीं की है और ना ही उन्होंने कोई ठोस जवाब मीडिया को दिया है लगातार हो रहे ऐसे भ्रष्टाचार और से सरपंच और सेक्रेटरी जैसे लोग लाखों कमाते हैं और निर्माण कार्य को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देते हैं पंचायत के सेक्रेटरी धर्मेंद्र चतुर्वेदी से जब इस पूरे मामले में बात की ओर उनको बताया कि आपकी पंचायत मैं भ्रष्टाचार हो रहा है तो

उन्होंने कहा कि आपको जहां शिकायत करना है वहां कर दो कोई हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकता जब अधिकारी ही ऐसे हो तो नए नए बने सरपंचों को तो ताकत मिलेगी और हौसला बढ़ेगा क्योंकि इसमें आधे से ज्यादा भ्रष्टाचार तो सेक्रेटरी ही करते हैंजिनकी मनमानी लगातार पंचायतों मैं चल रही हैं और निर्माण कार्यो को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं

अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े देश का नाम बेटियां रोशन करें :सीमा शिवहरे

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया जी के निर्देशानुसार महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे जी के नेतृत्व में महिला मोर्चा की बहनों द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र ट्रेनिंग सेंटर पर सरकार द्वारा चलाई जा रही लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत लाडली लक्ष्मी बेटियों का पुष्पमाला और मेडल पहनाकर किया सम्मान बेटियों को बहुत सारे उपहार दिए बांटे लंच बॉक्स पानी की बॉटल पढ़ने लिखने की सामग्री फल बिस्किट सरकार के मुख्यमंत्री जी ने इस योजना को 2007 में लागू करके मिलने वाली राशि से बेटियों के भविष्य को

सुरक्षित किया और उन्हें सम्मान दिलाया महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे जी ने बेटियों को समझाया पड़ेगी बेटियां तभी तो बढ़ेगी देश अच्छी शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े देश का नाम बेटियां रोशन करें हमारे भारत देश की शान है बेटियों को राजनीतिक क्षेत्र में भी आना चाहिए समाज में हमेशा बेटी और बेटा में फर्क नहीं समझना चाहिए ही इस अवसर पर परियोजना विभाग अधिकारी नीलम पटारिया जी और आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता बहने महिला जिला अध्यक्ष सीमा शिवहरे उपाध्यक्ष शैलजा लवंगीकर मंत्री नीलम चंदेल मंत्री बबीता राठौर सोशल मीडिया प्रभारी अनीता सविता जी कोषाध्यक्ष मुन्नी कुशवाहा है प्रचार मंत्री चंद्र मेहता जी मंडल अध्यक्ष ममता राठौर जी मंडल अध्यक्ष दीपा बंसल जी मंडल महामंत्री मिथलेश ओझा मंडल महामंत्री शोभा शर्मा

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने धरने के पांचवे दिन शहर में रैली निकालकर किया प्रदर्शन

एक तरफ गणतंत्र दिवस का प्रोग्राम दूसरी तरफ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का धरना,गणतंत्र दिवस के प्रोग्राम में शामिल हुई कैबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया नहीं दिया आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की मांगों पर ध्यान

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खबर शिवपुरी कलेक्ट्रेट के बाहर लगातार पांच दिनों से धरने पर बैठी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने आज पूरे शहर में रैली निकालकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को जगाने का नारा देते हुए नियमितीकरण की मांग की है अभी हाल ही में गणतंत्र दिवस का के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट के सामने पोलो ग्राउंड में गणतंत्र दिवस का प्रोग्राम किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में कैबिनेट मंत्री और शिवपुरी विधायक यशोधरा राजे सिंधिया पधारी थी और पूरे कार्यक्रम में मौजूद रहे वही उनके पास कलेक्ट्रेट के बाहर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं धरने पर बैठी थी लेकिन यशोधरा राजे सिंधिया जी ने उन पर ध्यान नहीं दिया और प्रोग्राम करके निकल गई शिवपुरी विधायक होने के नाते उनका फर्ज बनता है कि शिवपुरी शहर में हो रही गतिविधियों पर वह अपनी नजर बनाए रखें लेकिन पिछले 506 दिनों से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरने पर बैठी हुई हैं लेकिन उन पर नाही किसी प्रशासनिक अधिकारियों की नजर जा रही है और ना ही किसी नेता और मंत्री इनकी ओर देख रहे हैं फिर भी सारी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अपनी मांगों को लेकर इस कड़ाके की ठंड में भी धरने पर बैठी हुई है आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अध्यक्ष ने बताया आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ भोपाल (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) के माध्यम से आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की निम्नांकित जायज मांगों की ओर आकृष्ट

कराया पूर्व में भी प्रस्तुत किया गया, जिनमें से कई मागों को पूरा किये जाने हेतु पूर्व में आश्वासन दिया गया है संज्ञान में निरन्तर लाये जाने के बावजूद आज दिनांक तक इन मांगों के लिये कोई समाधानकारक पाछित निर्णय प्राप्त नहीं हुये है म.प्र. महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्तर्गत सभी आगनवाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करते हुये सी शासकीय सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाये। म.प्र. सरकार के द्वारा घोषित 1506 रुपये एरियर्स के साथ भुगतान किया जाये।राज्य सरकार को केन्द्र सरकार से समचय कर अंगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका और मिनीआगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्ति प्रक्रिया के नियमों में संशोधन करते हुये मानदेय या मानसेवा की जगह नियमित और सीधी भर्ती की जाने की नियमावली बनाई जाये। जब तक नियुक्ति प्रक्रिया में संशोधन नहीं किया जाता है तब तक आगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका और मिनी आंगनवाडी कार्यमा अतिरिक्त मानदेन में केन्द्र से निर्धारित गाई भने को लागू कर भुगतान किया जाये एम कम से कम 1100/000 रुपयेहा को भुगतान किया जाये।सभी आगनवाडी कार्यकर्ता, सहायिका और मिनी अमनवाडी कार्यकर्ताओं को विभाग की ओर से कम से कम 500000/- रूपेय का स्वास्थ्य बीमा कराया जाये एवं सभी आंगनवाडी कार्यकर्ता सहारिका और मिनी आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को आयुष्मान योजना की पात्रता में शामिल किया जाये। महिला बाल विकास के अतिरिक्त किसी भी अन्य कार्य में डियूटी न लगाई जाये जिससेआंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं कार्यकर्ताओं द्वारा अपन

राम राज्य स्थापना के लिये ही राम जन्मे :नंदिनी भार्गव



अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- करैरा वामोर के ग्राम धुवाई में खाती वावा के मन्दिर पर चल रहे यज्ञ में, आयोजित श्री राम कथा में आज सातवे दिन भगवन श्री राम के बनवास की कथा का वर्णन पंडित श्री बासुदेवनंदिनी भार्गव के द्वारा किया गया। राम के बनवास जाने के अनेक हेतु है, इसमें दोष केकई को नहीं है की उसने राम जी को वनवास दिया अपितु धन्य हैं कैकई तो,जिन्होंने कृपा की,और राम को केवल अयोध्या का राजा नहीं बनाया वल्कि जन जन के राजा राम के रुप में प्रकीर्तित किया। राम जी केवल महलों में रहने के लिए थोड़ी प्रकट हुए थे, वे प्रेम राज्य की स्थापना करने के लिए आए थे। वनवास में गंगा के तट पर श्रंगवेगपुर में भगवान ने निषाद को अपने गले से लगाया पास बैठाया! राज्य के सर्वोच्च व्यक्ति ने राज्य के सबसे कमजोर व्यक्ति को साथ बैठाकर प्रेमराज्य का उद्घाटन किया।राम कथा में हर दिन आस पास के गाँव के सेकड़ो महिलाएं, वच्चे, पुरुष कथा श्रवण कर रहे हैं!

शिवपुरी पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा करते हुये दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, चोरी गया माल आरोपियों की निशादेही पर किया वरामद

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी महोदय कोलारस श्री विजय कुमार यादव के मार्ग दर्शन में चलाये जा रहे चोरो को पकडने के अभियान के तहत दिनांकः- 15.01.2023 को फरियादी राकेश पुत्र देवीलाल धाकड उम्र 45 साल निवासी ग्राम तेन्दुआ ने उपस्थित थाना आकर जुबानी रिपोर्ट किया कि आज दिनांक को दिन करीब 12 बजे मय परिवार के साथ खेत पर घास कांटने चले गये थे । घर पर ताला लगा था दिन करीब 02 बजे खेत से लोटकर आये देखा तो घर का ताला टूटा पडा मिला एवं कमरे में दीवान पलंग में रखी चांदी की पायले, करधोनी, मंगलसूत्र एवं नगदी 2,75,000 रूपये एवं एक वीवो कम्पनी का मोबाईल कोई अज्ञात चोर चुराकर ले गये । रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 08/2023 धारा 454,380 ताहि0

कायम कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान संदेहियो की तलाश की गई एवं आस पास के सीसीटीव्ही फुटेज को तलाशा गया जिनके आधार पर कुछ लोगो को संदेही के रूप में चिन्हित कर पूछताछ की गई जिनमे से एक आरोपी उम्र 25 साल निवासी मदीना मस्जिद के पास इन्द्रा कालोनी शिवपुरी एवं दूसरा आरोपी उम्र 21 साल निवासी मदीना मस्जिद के पास इन्द्रा कालोनी शिवपुरी को चिन्हित कर पूछताछ की गई जिनके द्वारा अपराध स्वीकार किया गया एवं चोरी गई रकम मे से एक लाख पचास हजार रूपये, एक करधोनी चांदी की एवं चोरी गया मोबाईल व घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटर साईकिल को जप्त किया गया है । प्रकरण में विवेचना जारी है । श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटना का खुलासा करने वाले कर्मचारियों को पुरूस्कृत करने की घोषणा की गई है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि.मनीष सिहं जादौन,सउनि सजंय भगत,काप्रआर 281 आदेश धाकड,काप्रआर 773 जीतेन्द्र सोनी,आर.883 अनूप जाट,आर.936 अमरीश कुमार,आर.522 भग्गू भिलाला,आर.1063 शिववीर सिंह,आर.659 विक्रम बाजौरिया,आर.856 दुले सिहं जामौद की अहम भूमिका रही ।

वीडियो के चक्कर में टीआई तिमेश छारी को किया एसएसपी ने लाइन अटैच

राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर

शिवपुरी ,खनियाधाना ,

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल ने खनियाधाना थाना प्रभारी तिमेश छारी को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच किया है उनके खिलाफ इस मामले में एक शिकायत आई थी इस शिकायत के बाद यह कार्रवाई की गई जानकारी के अनुसार खनियाधाना टीआई का एक वीडियो पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचा इस वीडियो के साथ ही एक शिकायत भी सामने आई है जिसके चलते पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी तिमेश छारी को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच किया है कार्यवाहक निरीक्षक सुरेश चंद शर्मा को पुलिस लाइन से तत्काल प्रभाव से अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक थाना प्रभारी खनियाधाना पदस्थ किया गया है

प्रदेश कांग्रेस महासचिव जयकिशन मांझी ने कहा भाजपा सरकार अखो पर पट्टी बंद कर सो रही है और किसान परेशान हो रहे है

संवाददाता प्रदीप जैन रत्नौद
जिला बारां राजस्थान जनपद छब?ा मैं किसान

मजदूर चल रहा 2 महीने से आंदोलन मैं पहुँचे मध्यप्रदेश से जयकिशन मांझी प्रदेश कांग्रेस महासचिव भारतीय मछुआ महासंघ प्रदेश अध्यक्ष कृषि मंडी अध्यक्ष रत्नौद जिला शिवपुरी एवं उत्तरप्रदेश से राजमंत्री सुधाकर कश्यप जी अपने उदबोधन मैं कहा 2 माह लगातार समूचे राजस्थान प्रदेश मैं मजदूर किसान भाइयों का आंदोलन चल रहा है केंद्र मैं बैठी भाजपा सरकार आज दिनांक तक 1.फसल ,बीमा

क्लेम मुआवजा2.दिन मैं 8 घंटे बिजली 3.दोनो प्लांटो मैं टेंडर प्रकिया के तहत पूरा मेनपाबर लगायाजाये बा स्थानिय लोगो को रोजगार दिया जाए
4. प्लांट मैं मापदंडों के आधार बेतन भुगतान किया जाये
5. बंचित समाजो की छात्राबास की जगह का आबंटन किया जाए 7
जयकिशन मांझी सभा को संबोधित करते हुये कहाँ राजस्थान प्रदेश मै आपकी और हमारी कांग्रेस सरकार है7 एक कमेठी दल तैयार कर इस समस्या के लिए हम एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह जी राज्य सभा सांसद जी से संपर्क कर उनके साथ राजस्थान के प्रदेश के मुख्यमंत्री गहलोत जी से इस समस्या का हल करने की अपील करेंगे इसी बिषय को उठाते हुये पूर्व राजमंत्री सुधाकर कश्यप जी ने भी अपनी सहमति बताई परंतु ये मामला केन्द्र का है 7राजस्थान के प्रदेश को हस्तक्षेप करना चाहिए माँगे जहिज है यह देश किशान प्रदेश देश है
मोदी जी इस देश को गिरवी रखना चाहते हैजिला कांग्रेस कमेठी के उपाध्यक्ष अर्जुन एकलोतिय ने भी सभा को संबोधित किया 7 और इस अबसर पर अधिक से अधिक किशान एवं मजदुर भाई मंडी प्रांगण मैं एकत्रित हुये तथा मौके पर आन्दोलनकारी धर्मा धाक?,राम कल्याण कश्यप एवं हर जिले से कार्यकर्ता उपस्थित रहे

गणतंत्र दिवस और बसंत पंचमी के अवसर पर किया जिला अहिंसा नशा मुक्ति केंद्र पर किया ध्वजारोहण कार्यक्रम

अनिल कुशवाह प्रभारी
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- खबर शिवपुरी जिले के छत्तरी रॉड चौकसे से धर्मशाला मैं अहिंसा नशा मुक्ति केंद्र पर गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण का कार्यक्रम रखा गया इस कार्यक्रम में नशा मुक्ति केंद्र के संचालक डॉअंशुमन भटनागर और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती भारती श्रीवास्तव के साथ सचिव श्यामसुंदर श्रीवास्तव और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अजय श्रीवास्तव ने नशा मुक्ति केंद्र पर ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया इस आयोजन में नशा मुक्ति केंद्र में अपना इलाज ले रहे मरीजों से आग्रह किया कि वह इस गणतंत्र दिवस के अवसर पर नशा बंद कर अपने जीवन को नशा मुक्त बनाएं और एक नए जीवन की शुरुआत कर अपने और अपने परिवार में खुशहाल बनाएं इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे डॉ एसके वर्मा ,रितु श्रीवास्तव राधा सोनी, ममता श्रीवास्तव, और नशा मुक्ति केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा कार्यक्रम की शुरुआत में सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर पुष्प माला चढ़ाएं और ध्वजारोहण कर सभी अतिथियों ने अपना उद्बोधन दिया इसके बाद उपस्थित सभी कर्मचारी एवं अतिथियों को जलपान करा कर कार्यक्रम को संपन्न किया गया उपस्थित अतिथियों ने समस्त जिले के लोगों को नशा मुक्त भारत बनाने के लिए आगोश किया और किसी भी प्रकार का नशा स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है इस पर उन्होंने अपना उद्बोध किया

कार्यालय नगर पालिका परिषद् भिण्ड, जिला-भिण्ड (म.प्र.)

क्रमांक/ई टेण्डरिंग/निर्माण/2023/295 — भिण्ड, दिनांक 24/01/2023

ई-निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति

समस्त केन्द्रीयकृत पंजीयनधारी ठेकेदारों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद भिण्ड को निम्नांकित कार्य के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के चालू सी.एस.आर. दिनांक 2 अगस्त 2021 की अनुसूचि के प्रतिशत दर आधार पर (फार्म 2.10 पर) https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदाएं आर्मत्रित की जाती हैं।

क्रं.	निविदा आमंत्रण का प्रकार	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य अवधि
1.	2023_uad_246602_1	प्र. क्र. 1383/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 में सीसी रोड में सीसी ड्रेन निर्माण कार्य रामनाथ नगर मेन रोड से रामधन सिंह भदौरिया तक।	15,99,776.00/-	15998/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
2.	2023_uad_246602_2	प्र. क्र. 1394/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 01 में सीसी रोड मय विक्र ड्रेन निर्माण कार्य साकेत नगर में अटेर रोड से प्रमोद शर्मा तक।	15,23,347.00/-	15240/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
3.	2023_uad_246602_3	प्र. क्र. 1379/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 07 में सीसी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य छोटू जादौन से चौहान तक।	9,74,826.00/-	9750/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
4.	2023_uad_246602_4	प्र. क्र. 1373/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 में सीसी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य स्वराज एजेंसी से अजब सिंह तक।	10,71,931.00/-	10720/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
5.	2023_uad_246602_5	प्र. क्र. 1415/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 में सीसी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य होम सिंह से सीताराम ओझा तक।	3,43,533.00/-	3440/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
6.	2023_uad_246602_6	प्र. क्र. 1398/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 12 में सीसी रोड निर्माण कार्य हाउसिंग कॉलोनी डॉ. पूजा अग्रवाल वाली गली में बल्लू जैन से राजू भदौरिया तक।	8,20,733.00/--	8210/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
7.	2023_uad_246602_7	प्र. क्र. 1414/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 13 में सीसी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य हाउसिंग कॉलोनी अशोक तिवारी, रातेश जैन से मुकेश जैन पिपरी वाली गली एवं अन्य गलियों में।	8,28,356.00/-	8284/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
8.	2023_uad_246602_8	प्र. क्र. 1665/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 में सीसी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य मातादीन फौजी से कमलेश जाटव तक।	4,31,289.00/-	4320/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
9.	2023_uad_246602_9	प्र. क्र. 1403/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 में सीसी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य मेन रोड।	15,22,661.00/-	15230/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
10.	2023_uad_246602_10	प्र. क्र. 1486/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य समीर नगर कुलदीप पेट्रोल पम्प के सामने वाली गली में बृजराज सिंह के मकान से पप्पू के मकान तक।	12,78,204.00/-	12790/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
11.	2023_uad_246602_11	प्र. क्र. 1402/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 25 में सीसी रोड मय ड्रेन निर्माण कार्य गणेश कॉलोनी में राजा चौबे से वीरेन्द्र भदौरिया तक।	12,70,778.00/-	12710/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
12.	2023_uad_246602_12	प्र. क्र. 1401/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 में सीसी रोड मय सीसी ड्रेन निर्माण कार्य पम्प हाउस से बासा गुर्जर तक।	10,98,994.00/-	10990/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
13.	2023_uad_246602_13	प्र. क्र. 1400/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 में सीसी रोड मय सीसी ड्रेन निर्माण कार्य नरेश जाटव से रामप्रकाश बघेल तक।	8,64,750.00/-	8650/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
14.	2023_uad_246602_14	प्र. क्र. 1660/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 26 में सीसी रोड मय सीसी ड्रेन निर्माण कार्य वर्मा से शिवसिंह कुशवाह तक।	16,05,190.00/-	16060/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
15.	2023_uad_246602_15	प्र. क्र. 1663/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 27 खिडकिया मौहल्ला स्थित पम्प हाउस को तोड़कर नवीन पम्प हाउस निर्माण कार्य।	2,58,738.00/-	2590/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
16.	2023_uad_246602_16	प्र. क्र. 1382/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 27 में सीसी रोड मय सीसी ड्रेन निर्माण कार्य बालेश शर्मा से सामुदायिक भवन से बबलू राठौर तक।	12,43,857.00/-	12440/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
17.	2023_uad_246602_17	प्र. क्र. 1664/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28 में सीसी रोड मय सीसी ड्रेन निर्माण कार्य गीता भवन वाली गली।	12,16,538.00/-	12170/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
18.	2023_uad_246602_18	प्र. क्र. 1658/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 29 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य भैरव बाबा मंदिर से सेंगर के मकान तक।	9,84,694.00/-	9850/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
19.	2023_uad_246602_19	प्र. क्र. 1396/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 30 में सीसी रोड मय नाली निर्माण कार्य चन्द्रप्रकाश राठौर से आशाराम बघेल से गोपी कुशवाह तक।	6,98,221/-	6990/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
20.	2023_uad_246602_20	प्र. क्र. 1661/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 31 में सीसी रोड निर्माण कार्य रविन्द्र यादव से कमल हिण्डोलिया, दीपचन्द से पप्पू तक।	9,65,568.00/-	9660/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
21.	2023_uad_246602_21	प्र. क्र. 1662/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 31 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य भीकम सेंगर रहमान तक।	4,80,726.00/-	4810/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
22.	2023_uad_246602_22	प्र. क्र. 1374/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 में सीसी रोड मय सीसी ड्रेन निर्माण कार्य संजू पंडित के मकान से गजेन्द्र के मकान तक।	4,25,134.00/-	4260/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
23.	2023_uad_246602_23	प्र. क्र. 1370/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य बाल बहादुर के मकान से दीक्षित के मकान तक।	7,67,906.00/-	7680/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
24.	2023_uad_246602_24	प्र. क्र. 1369/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 32 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य हनुमान मंदिर के पास से नाले की पुलिया तक।	3,75,739.00/-	3760/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
25.	2023_uad_246602_25	प्र. क्र. 1384/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य हरेन्द्र सिंह वाली गली में।	4,62,695.00/-	4630/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
26.	2023_uad_246602_26	प्र. क्र. 1385/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 33 में आरसीसी नाला निर्माण कार्य मेला से थाना अजाक तक।	7,56,138.00/-	7570/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
27.	2023_uad_246602_27	प्र. क्र. 1364/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में सीसी नाली निर्माण कार्य सरस्वती नगर में गोविंद अग्रवाल, राजीव सिंह यादव, रामहेत भदौरिया, राजाराम यादव, दिलीप सिंह यादव तक।	8,11,027.00/-	8110/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
28.	2023_uad_246602_28	प्र. क्र. 1659/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य मेहरबान सिंह से कुलदीप भदौरिया तक सरस्वती नगर में।	17,71,390.00/-	17720/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
29.	2023_uad_246602_29	प्र. क्र. 1361/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य कैप्टन यादव से मुकेश यादव तक सरस्वती नगर में।	15,26,615.00/-	15270/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
30.	2023_uad_246602_30	प्र. क्र. 1360/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य अकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के सामने वाली गली कॉलोनी उपेन्द्र राजावत, संदीप राजावत से शीलू राजावत तक।	17,24,745.00/-	17250/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
31.	2023_uad_246602_31	प्र. क्र. 1376/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 35 में डब्ल्यूबीएम रोड निर्माण कार्य कुलदीप तोमर से मिथुन सिंह भोलू यादव, भीम सिंह भदौरिया, संतोष पंडित फल मण्डी के आगे तक।	10,88,010.00/-	10890/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
32.	2023_uad_246602_32	प्र. क्र. 1367/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 36 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य सुरेश गुर्जर से मनोज तक।	778995.00/-	7790/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
33.	2023_uad_246602_33	प्र. क्र. 1368/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 37 में आरसीसी नाला निर्माण कार्य अनिल शर्मा से बंगाली तक।	754779.00/-	7550/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
34.	2023_uad_246602_34	प्र. क्र. 1386/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 38 में सीसी रोड निर्माण सीसी नाली निर्माण कार्य रामनिवास वाली गली में।	1321649.00/-	13220/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
35.	2023_uad_246602_35	प्र. क्र. 1352/2023x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 24 में सीसी रोड एवं सीसी ड्रेन निर्माण कार्य देहात थाने के सामने रमेश कुशवाह के मकान से कृष्ण विहारी के मकान तक तथा मुख्य गली से लगी हुई गलियों में।	1613422.00/-	16134/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
36.	2023_uad_246602_36	प्र. क्र. 788/2019x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में सीसी रोड एवं सीसी ड्रेन निर्माण कार्य शैलेश के मकान से बघेल के मकान, तिवारी के मकान से खेत तक।	1048665.00/-	10490/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
37.	2023_uad_246602_37	प्र. क्र. 1694/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में सीसी रोड मय सीसी ड्रेन निर्माण कार्य वीरपाल सिंह के मकान से बाबू शर्मा एवं नरेन्द्र सिंह व सुनील सेंगर के मकान से पूरन स्कूल एवं अर्जुन पटवारी से राजेश मास्टर तक।	1672311.00/-	16723/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
38.	2023_uad_246602_38	प्र. क्र. 1695/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में सीसी रोड मय सीसी नाली निर्माण कार्य विक्रमपुरा में दीपसिंह राजावत के मकान से अत्ते सिंह पाढरी के मकान तक।	1689780.00/-	16898/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह
39.	2023_uad_246602_39	प्र. क्र. 1696/2022x3/4 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 में सीसी रोड एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य महावीर नगर में विद्यावती मैरिज गार्डन के बगल वाली गली एवं शिवमोहन शाक्य से रासेवक शाक्य वाली गली, जहांगीर बाबा वाली गली।	4157864.00/-	31185/-	2000/-	केन्द्रीयकृत पीडब्ल्यूडी रजिस्ट्रेशन	03 माह

शर्तें:-

1- टेण्डर फार्म दिनांक 24.01.2023 समय प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 22.02.2023 को समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन क्रय किये जा सकते हैं।
2- निविदाएं (Bid submission end date) दिनांक 22.02.2023 समय 17:30 बजे तक ऑनलाइन प्रस्तुत की जा सकती हैं।
3- प्राप्त निविदाओं का Mandatory Submission Envelope -A दिनांक 24.02.2023 को समय दोपहर 12:30 बजे के बाद खोला जायेगा तथा Financial Bid Envelope-C दिनांक 24.02.2023 को 15:00 बजे के बाद खोला जावेगा।
4- निविदा सम्बंधी विस्तृत जानकारी https://www.mptenders.gov.in पर या कार्यालयीन समय में कार्यालय की निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है तथा निविदा में यदि कोई भी संशोधन किया जाता है तो उसे सिर्फ ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट पर ऑनलाइन ही प्रकाशित किया जायेगा. इस हेतु पृथक से कोई भी सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं की जायेगी। निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी वेबसाइट https://www.mpeenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

वर्षा अमित वाल्मीकि
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद भिण्ड, जिला भिण्ड (म.प्र.)

वीरेन्द्र तिवारी
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भिण्ड, जिला भिण्ड (म.प्र.)

सरसों के खेत में मिला था किशोरी का शव, पुलिस अभी भी खाली हाथ

भिंड । देहात थाना अंतर्गत उदोतपुरा गांव में घर से करीब तीन सौ मीटर दूर सरसों के खेत में मिले किशोरी की हत्या मामले में दूसरे दिन बुधवार को पुलिस के हाथ कुछ नहीं मिला है। हालांकि पुलिस ने गांव के कुछ संदिग्ध लोगों के अलावा स्वजनों से भी पूछताछ की जा रही है।घटना स्थल से मिले सबूतों से पुलिस तय नहीं कर पा रही है कि छात्रा की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या की है। पुलिस अधिकारी मानकर चल रहे हैं कि किशोरी की हत्या कहीं और की गई है इसके बाद शव का सरसों के खेत में डाला गया है।

यह है पूरा मामला–15 वर्षीय सीता बघेल पुत्री रामवीर बघेल निवासी उदोतपुरा थाना देहात कक्षा नौवी की छात्रा थी। मंगलवार सुबह वह स्कूल गई और दो बजे घर आई। घर पर कपड़े बदलकर वह शौच के लिए खेत पर गई। करीब एक घंटे में जब वह वापस घर नहीं आई तो मां रामादेवी को चिंता



हुई।करीब साढ़े चार बजे जब एक ग्रामीण अशोक भदौरिया के सरसों के खेत में चारा ले रहा था, तो उन्हें बीच खेत में किशोरी पड़ी दिखाई दी। उन्होंने किशोरी के चाचा कैलाश बघेल को सूचना दी। इसके बाद स्वजन खेत पर पहुंचे और देहात थाना पुलिस को जानकारी दी।पुलिस स्वजनों से भी कर रही पूछताछ- भिंड में चुनावी रंजिश में फायरिंग, चाचा-भतीजे समेत? तीन की मौत टीआइ विनोद सिंह कुशवाह के मुताबिक मृतका के गले से दुपट्टा का फंदा लगा था। प्राथमिक जांच के दौरान पाया गया कि घटना स्थल के पास मृतका की चप्पलें पड़ी हैं, जो उथल-पुथल नहीं हैं। किशोरी पूरे कपड़े पहने है, जिससे यह साफ हो रहा है कि उसके साथ किसी प्रकार की दुष्कर्म या अन्य छेड़छाड़ की घटना नहीं हुई है।जहां शव मिला है वहां किशोरी ने शौच भी नहीं की। पानी का डिब्बा भी भरा मिला है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही वह मामले का खुलासा कर देगी।

पचैरा तिहरे हत्याकांड के दो और आरोपित गिरफ्त में, अब तक 13 लोग गिरफ्तार

भिंड/मेहगांव । मेहगांव के पचैरा गांव में चुनावी रंजिशन दिनदहाड़े तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों से दो कट्टा और पांच कारतूस जब्त किए हैं।पुलिस हत्याकांड से जुड़े अब तक 13 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।जबकि तीन लोग अभी फरार चल रहे हैं।गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए अभी भी क्यूआरएफ के जवान आरोपित और फरियादी पक्ष के घरों के अलावा गांव में तैनात हैं।

यह है पूरा मामला–पंचायत में चुनाव में पूर्व सरपंच निशांत उर्फ बंटी त्यागी और हाकिम प्रसाद त्यागी ने अपने-अपने समर्थक को खड़े किए थे। चुनाव में हाकिम पक्ष के मायाराम जाटव सरपंच बन गए। वर्तमान सरपंच ने पूर्व सरपंच के कार्यकाल में हुई निर्माण कार्यों की जांच के लिए शिकायत कर दी। 15 जनवरी की सुबह पूर्व सरपंच के समर्थकों ने हाकिम को घेर लिया और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।घटना में 55 हाकिम पुत्र कैलाश नारायण त्यागी, 24 वर्षीय गुल्लू उर्फ अनुज पुत्र महेश त्यागी और 35 वर्षीय धीरेंद्र उर्फ पिंकू पुत्र हरगोविंद त्यागी निवासी पचैरा की मौत हो गई थी।मेहगांव थाना टीआइ वरुण तिवारी ने बताया शनिवार सुबह सूचना मिली कि हत्याकांड से जुड़े आरोपित अमायन क्षेत्र में देखे गए हैं। टीआइ ने टीम के साथ घेराबंदी कर विवेक पुत्र शिवसागर त्यागी और राहुल पुत्र संयम त्यागी निवासी पचैरा को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपितों से एक-एक 315 बोर का कट्टा बरामद किए हैं।पुलिस हत्याकांड से जुड़े शिवसागर त्यागी, रामानंद त्यागी, जितेंद्र त्यागी, राहुल राजावत, विशाल त्यागी, अनूप त्यागी, विकास

प्रशासन का अजीबोगरीब चेहरा, 200 अधिकारी और कर्मचारी होने के बावजूद रेत के पकड़े दो ट्रैक्टर ट्रॉली

मुरैना–मुरैना प्रशासन ने अवैध उत्खनन माफियाओं के खिलाफ कमरतोड़ कार्यवाही करने के लिए आज सुबह पुलिस प्रशासन, माइनिंग विभाग, वन विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों को बेरियल पर एकत्रित किया गया। मुरैना प्रशासन ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए इतने पुलिस बल होने के बावजूद नेशनल हाईवे 44 पर अवैध उत्खनन करके जा रहे दो रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉलीओं को जप्त कर चालकों को गिरफ्तार कर लिया है। जहां पुलिस प्रशासन रेत के अवैध उत्खनन पर नकली नौटंकी की कार्यवाही करते हुए अपनी पीठ थपथपा रहा है, तो वही दूसरी तरफ अवैध रेत से भरे हुए ट्रैक्टर ट्रॉली थानों के सामने से फर्राटे हुई मारते हुए नजर आ रहे हैं। बता दें कि आज संयुक्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 अवैध रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली और उनके चालकों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही बताया जाता है कि ओवरलोड भरे हुए दो गिट्टी के डंफरों को भी पुलिस ने जप्त कर लिया है।वहीं आमजन का कहना है कि करीब 200 अधिकारियों कर्मचारियों का फोर्स होने के बावजूद केवल दो रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉलीयों को पकड़ना कहीं ना कहीं नाटकीय कार्यवाही को अंजाम दिया गया है।

मांगे शीघ्र नहीं मानी गई तो प्रदेश स्तर पर महा आंदोलन करेगा अजाक्स

रविवार को मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स जिला दमोह के तत्वधान में महा आंदोलन रैली एवं ज्ञापन का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अजाक्स एवं विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं छात्र व आमजन शामिल हुए और सभी ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिला अध्यक्ष अजाक्स द्वारा समस्त मांगों को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया,ततपश्चात अंबेडकर चौक से रैली प्रारंभ कर कोऑपरेटिव बैंक चौराहा बस स्टैंड होते हुए घंटाघर और ततपश्चात अंबेडकर चौक पर रैली का समापन किया गया, इसके बाद 27 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम जिला प्रशासन को सौंपा गया।

बाइक की सीट के नीचे रखी थी 80 ग्राम स्मैक, भिंड जिले में दो तस्कर गिरफ्तार

भिंड/गोहद । सिटी कोतवाली पुलिस को बुधवार दोपहर बड़ी सफलता मिल गई। पुराने रेलवे स्टेशन से बाइक सवार दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तलाशी लेने पर बाइक की सीट के नीचे 80 ग्राम स्मैक मिली है। जिसकी बाजार में कीमत करीब आठ लाख रुपये है।तस्करों पर पूर्व में सिटी कोतवाली के अलावा ग्वालियर, मिहोना थाने कई एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज हैं। इधर गोहद चौराहा थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात चेकिंग में दो बाइक सवारों से 13.10 ग्राम स्मैक पकड़ी हैं। 20 घंटे में पुलिस ने नौ लाख 15 हजार रुपये की स्मैक बरामद की है। **शहर में खपाने के लिए खड़े थे तस्कर**–बुधवार शाम सिटी कोतवाली परिसर में आयोजित प्रेसवार्ता में सीएसपी निशा रेड्डी और टीआइ रविंद्र शर्मा ने बताया कि जिले में एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान के निर्देश पर अवैध शराब, गांजा और स्मैक पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।टीआइ शर्मा ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब दो बजे सूचना मिली कि पुराने रेलवे स्टेशन पर दो बाइक सवार खड़े हैं।

विकास यात्रा 5 फरवरी से 25 फरवरी तक निकाली जायेंगीं

ग्वालियर । कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि राज्य शासन द्वारा विकास और जनकल्याण के माध्यम से स्वराज के लक्ष्यों को हासिल करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क?ी में आगामी 5 से 25 फरवरी तक विकास यात्राओं का आयोजन किया जायेगा। विकास यात्रायें, जिले के सभी ग्रामों एवं नगर निगम सहित सभी नगरीय निकायों में पहुँचेंगीं। उन्होंने निर्देश दिए कि सुनियोजित और प्रभावी ढंग से विकास यात्रायें आयोजित करने के लिए रूट चार्ट तैयार करने के साथ-साथ राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत सभी तैयारियाँ जल्द से जल्द पूर्ण करें। कलेक्टर सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्र के लिये नगर निगम आयुक्त किशोर कान्याल एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिये सीईओ जिला पंचायत आशीष तिवारी प्रभारी अधिकारी रहेंगे। विकास यात्राओं के दौरान विकास



कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण, शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ वितरण व उनके साथ संवाद, केन्द्र और राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं का प्रचार-प्रसार, यात्रा के मार्ग में प?ने वाली शासकीय संस्थाओं, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबा?ी, विद्यालय, उचित मूल्य की दुकान, ग्राम पंचायत कार्यालय, पुलिस थाना, पशु चिकित्सालय, सहकारी साख समिति आदि का भ्रमण होगा और इन संस्थाओं को बेहतर बनाने के प्रयास भी होंगे। विकास यात्राएँ क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के मुख्य आतिथ्य व मौजूदगी में आयोजित होंगीं। प्रभारी मंत्री सहित अन्य मंत्रिगणों के मार्गदर्शन में नवाचारी गतिविधियाँ भी विकास यात्राओं में शामिल होंगीं। कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अंतरविभागीय समन्वय समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। बैठक में एडीएम एच बी शर्मा सहित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस पर पुलिस अलर्ट, बम डिस्पोजल टीम ने विभिन्न स्थानों पर की चैकिंग

्वालियर। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर ग्वालियर पुलिस अलर्ट है। इसके मददेनजर पुलिस लगातार चैकिंग व गश्त ब?ा रही है। जगह-जगह चैकिंग की जा रही है। सोमवार को बीडीडीएस टीम ने निरीक्षक अजय पाराशर के मार्गदर्शन में सार्वजनिक स्थानों पर विशेष चैकिंग अभियान चलाया।पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने गणतंत्र दिवस पर शहर को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सार्वजनिक व भी?भा? वाले स्थानों पर समय-समय पर आकस्मिक चैकिंग अभियान चलाने के लिये निर्देश जारी किये हैं। बम डिस्पोजल एवं डॉग स्क्वायड द्वारा सोमवार को रेलवे स्टेशन, डीडी मॉल, डीबी मॉल तथा बस स्टेण्ड आदि स्थानों पर संदिग्ध वस्तुओं की जांच प?ताल की गई। बीडीडीएस की टीम द्वारा यात्रियों के सामान की भी मेटल

डिटेक्टर व पुलिस डॉग के सहयोग से चैकिंग की गई। बीडीडीएस टीम ने लोगों से लावारिस वस्तुओं से दूर रहने तथा किसी भी प्रकार की लावारिस वस्तु दिखाई देने पर उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की हैं।

शासकीय सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले को निगम ने किया नोटिस जारी

ग्वालियर । विगम दिवस काल्पी ब्रिज के पास रोड डिवाइडर को लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठाटीपुर बजरिया निवासी कमलेश श्रीवास्तव द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। निगम द्वारा उन्हें धारा 279 के तहत नोटिस जारी कर क्षति की भरपाई करने के निर्देश दिए हैं।नोडल अधिकारी रोहित तिवारी ने बताया कि 22 जनवरी 2023 को हाउस नम्बर 206 ठाटीपुर बजरिया निवासी कमलेश श्रीवास्तव द्वारा लापरवाही पूर्ण ड्राइविंग करते हुए काल्पी ब्रिज के पास रोड डिवाइडर में टक्कर मारने से रोड डिवाईडर नवनिर्मित रैलिंग एवं डिवाईडर में लगे पेड पौधों को क्षतिग्रस्त किया गया है। इस कारण निगम सम्पत्ति को काफी हानि पहंचाई गई है। लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन से जनहानि की भी पूर्ण संभावना थी। मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के साथ-साथ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 279 के अंतर्गत आपराधिक श्रेणी में आता है। दो दिवस के अंदर संबंधित द्वारा वर्तमान बाजार मूल्यांकन से भरपाई नहीं की गई तो उक्त धारा के तहत कार्यवाही की जाएगी।

अंतिम छोर के व्यक्ति के सपनों को पूरा करना कांग्रेस का लक्ष्यः डॉ. सिकरवार

ग्वालियर। 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 29 में डी-3 गोविन्दपुरी माता मंदिर के पास, वार्ड 23 में सरकारी मल्टी सुरेश नगर एवं वार्ड 19 में सेनापति गार्डन जडेरूआ रोड में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित गांधी चौपाल में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने लोगों की समस्याओं को सुना और समस्याओं को तत्परता से हल करवाने का आश्वासन दिया। गांधी चौपाल कार्यक्रम में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने जनता को संबोधित करते हुये कहा कि महात्मा गांधी ने अंहिसा का रास्ता अपनाकर अंग्रेजों को भारत छोडने पर मजबूर किया और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति के सपनों को पूरा करने का मार्ग कांग्रेस पार्टी के माध्यम से दिखाया। हजारों कांग्रेस जनों और नौजवानों के बलिदान से देश आजाद हुआ और विकास के रास्ते पर आगे बढा। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कहा कि हमें अपने कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा की करनी और कथनी को जनता के बीच उजागर करना है। गांधी चौपाल कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि देश में अराजकता का माहौल है और नफरत फैलाने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। कांग्रेस पार्टी देश में भाईचारा बनाये रखने के लिये काम करती रही है और देश व सर्वहारा वर्ग के विकास और

उत्थान के लिये कार्य रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्गो का सम्मान करते हुये साथ लेकर चलती है। गांधी चौपाल कार्यक्रम में मोनू रजक, ओमप्रकाश प्रजापति, सुनील चंद्रवंशी, मुकेश चौरसिया, विजय मौर्य, हरेन्द्र नागर, भगवान दास कुशवाह, दौलत खान, सोनू राजावत आदि मौजूद रहे।गांधी चौपाल कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, कार्यकारी जिलाध्यक्ष चतुर्भुज धनोलिया, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मीनू परिहार, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव अपोरिया, ब्लॉक अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, प्रेमसिंह यादव, पूर्व पार्षद बलवीर तोमर, पार्षद श्रीमती कमलेश बलवीर तोमर, पार्षद प्रमोद खरे, श्रीमती सीमा समाधिया, श्रीमती वीना भारद्वाज, मंडलम अध्यक्ष संदीप यादव, रामौतार जाटव, रामसेवक माथुर, महेन्द्र शर्मा, श्रीमती संजना राजावत, छोटू तोमर, श्रीमती रेनू चौहान, श्रीमती कीर्ति पाठक, श्रीमती नीतू चौहान, श्रीमती आशा गौर, योगेन्द्र सिंह नोनेरा, बृजेन्द्र तोमर, सागरनाती आदि मौजूद रहे।

चेम्बर के नवीन पदाधिकारियों ने पूजा-अर्चना कर ग्रहण किया पदभार

ग्वालियर । म. प्र. चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री ग्वालियर के विगत? 18 जनवरी को सम्पन्न हुए निर्वाचन में नव-निर्वाचित अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष हेमन्त गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ. राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव पवन कुमार अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल ने प्रातः 11 बजे 'चेम्बर भवन' में पधारकर पदभार ग्रहण किया ।इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि हमारी टीम आज से ही अंचल के व्यापार एवं उद्योग की प्रगति के लिए कार्य करेगी । साथ ही, आप सभी से समय-समय पर विभिन्न बिन्दुओं पर संवाद स्थापित कर, सुझाव लिए जाएँगे और तद्नुसार उन्हें उचित स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा । मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल द्वारा उपस्थित सभी साथी पदाधिकारियों एवं नव-निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यगणों सहित सदस्यगणों एवं मीडिया से पधारे हुए प्रतिनिधियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया गया । पदभार ग्रहण करने के अवसर पर काफी संख्या में नव-निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यगणों सहित प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के रिपोर्टर्स एवं फोटोग्राफर उपस्थित थे ।

केन्द्रीय मंत्री गडकरी आये, दतिया में मां पीतांबरा के किये दर्शन

ग्वालियर। देश के परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को दतिया में पीतांबरा पीठ के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने ओरछा में रामराजा सरकार के भी दर्शन किया।केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी सोमवार दोपहर को ग्वालियर आये और ग्वालियर आकर दतिया गये। यहां उन्होंने मा पीतांबरा और वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। दतिया में मंत्री गडकरी के साथ गृहमंत्री

डा. नरोत्तम मिश्रा भी उपस्थित रहे। दतिया में पूजा अर्चना करने के बाद मंत्री गडकरी ओरछा के लिए प्रस्थान कर गए। ओरछा में श्री गडकरी ने रामराजा सरकार के दर्शन किये। दतिया में पत्रकारों से चर्चा में श्री गडकरी ने न्यू कोतवाली से मां पीतांबरा पीठ तक ओवर ब्रिज तथा मा पीतांबरा मंदिर के उत्तर गेट से एयरपोर्ट तक सडक को डबल और सुसज्जित बनाये जाने की घोषणा की।

कांग्रेस ने नेताजी को नमन किया

ग्वालियर। कांग्रेस ने सोमवार को गोरखी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती पर प्रतिमा स्थल पर नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की। जयंती कार्यक्रम में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा, विधायक डॉ. सतीश सिकरवार, ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे, प्रदेश प्रवक्ता अनुराधा सिंह एड, आनंद शर्मा, भैयालाल भटनागर, श्रीमती समाधिया, मेहबूब चेन वाले, हेवरन सिंह कंसाना, वीणा भारद्वाज, बेताल सिंह, पिंकी पंडित, अतुल पवार, जसवंत शेजवार, कुलदीप मगरैया, प्रताप राव महाडिक, संजीव दीक्षित, संजय फ?तरे, तरूण यादव, सौरभ जैन, गौरव शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद कुमार जैन, राजेश बाबू, कैलाश चावला, अभिषेक शर्मा, गणपत शाक्य, चेतन भार्गव, धीरज ढींगरा आदि उपस्थित थे।

गिरेंगे नहीं तो खड़े कैसे होंगे :ऊर्जा मंत्री

ग्वालियर। कभी भी परीक्षा में असफल होने से हताश मत हो, क्योंकि जब तक हम गिरेंगे नहीं तो खड़े कैसे होंगे। आज मैं आपके सामने खड़ा हूँ मैं भी परीक्षा में असफल हुआ हूं, लेकिन धैर्य के कारण सफलता को हासिल कर पाया। इसलिए मन लगाकर पढो अपने माँ पिता नाम ऊँचा करो ! उक्त बात रविवार को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भाजपा द्वारा वृंदावन गार्डन 15 विधानसभा में संपन्न में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राओं (एग्जाम वारियर्स) के साथ परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रतिभागियो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने विद्यालयों के बच्चो को पड़ाई में मेहनत करने और कभी हताश न होने की बात कही। जिसमें मुख्य रूप से डॉ नितेश शर्मा, डॉ पुनीत रस्तोगी, एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, दारा सिंह मंडल अध्यक्ष, बृजमोहन शर्मा, प्रयाग

तोमर, मनमोहन पाठक उपस्थित रहे ।प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इश्का परमार - ग्रीन वुड़ स्कूल, दूसरा पुरस्कार- पायल अहिरवार, शासकीय गलर्स स्कूल तथा तीसरा पुरस्कार - राजवर्धन राठौर - ग्रीन वुड़ स्कूल को मिला।कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की पूजा कर कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों द्वारा किया गया इस अवसर पर 610 छात्र-छात्राओं द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।10 सर्वश्रेष्ठ,25 श्रेष्ठ पुरस्कारों प्रदान किए गए एवं सभी प्रतिभागी बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। कार्यक्रम प्रभारी अरुण कुलश्रेष्ठ, धर्मेंद्र राणा, डॉ वंदना भुपेन्द्र प्रेमी द्वारा अतिथियों को मोमेंटो भेंट किए गए एवं अतिथियों द्वारा ज्यूरी के सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया7 कार्यक्रम संयोजक अरुण कुलश्रेष्ठ, विनोद शर्मा सह संयोजक दारा सिंह सेंगर, वृज मोहन शर्मा, मनमोहन पाठक, प्रयाग सिंह तोमर, जिला संयोजक वंदना प्रेमी, हृदय रोग एकसपार्ट पुनीत रस्तोगी सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

महिलायें आत्मनिर्भर बनेंगीं तो प्रदेश व देश भी आत्मनिर्भर बनेगा : भारत सिंह

ग्वालियर । स्व-सहायता समूहों में संगठित होकर आत्मनिर्भरता की प्रेरणादायी गाथा लिख रहीं महिलाओं का विशाल सम्मेलन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार को उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। पीएम-एफएमई (प्रधानमंत्री सूक्ष्म, खाद्य, उद्यम उन्नयन योजना) एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित हुए इस कार्यक्रम में मंत्री कुशवाह ने सिंगल क्लिक के जरिए विकासखंड मुरार व घाटीगाँव क्षेत्र की 3 हजार 89 महिलाओं के खाते में सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग 4 करोड़ 10 लाख रूपए की राशि पहुँचाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि हर परिवार की महिलायें आत्मनिर्भर बनें, जिससे पूरा परिवार, गाँव,

जिला, प्रदेश व देश आत्मनिर्भर बन सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश जाटव ने की। सोमवार को यहाँ विक्रांत यूनिवर्सिटी के प्रांगण में आयोजित हुए स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं महिलाओं के विशाल सम्मेलन में महिलाओं ने अपनी आत्मनिर्भरता की गाथा साझा की। इस अवसर पर राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह एवं अन्य अतिथियों ने मंच से प्रतीक स्वरूप विभिन्न महिलाओं को सहायता राशि के चैक प्रदान किए और शॉल श्रीफल भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने कहा कि परिवार की एक महिला आत्मनिर्भर होने से पूरा परिवार आत्मनिर्भर हो जाता है। इसीलिए केन्द्र व राज्य सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये कृतसंकल्पित होकर काम कर रहीं हैं। उन्होंने आह्वान किया कि स्व-सहायता समूहों से जुड़ीं महिलायें खाद्य प्रसंस्करण इकाईयाँ स्थापित करने के लिये आगे आएँ, सरकार इसके लिये 35 प्रतिशत तक अनुदान देती है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा महिलाओं के खातों में पहुँचाई जा रही 40 ङ्क 40 हजार रूपए की राशि लौटाने की जरूरत नहीं होगी।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478